卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 99 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦14 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

अल्मोड़ा ज्वैलर्स

लोहड़ी एवं मकर सक्रांति एवं उत्तरायणी पर्व की शुभकामनाएं

हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।

पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलवन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।

राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि

हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध हैं। मो. 9012749183

ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर



# सीमाओं की रक्षा में उत्तराखण्ड का अहम योगदान:राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने किया शौर्य स्थल का लोकार्पण,बलिदानी सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीड़बाग स्थित ओर से बनाए गए इस शौर्य स्थल पर प्रदेश के सभी बलिदानी सैनिकों के नाम सीडीएस बनने के बाद जनरल चौहान का यह पहला दून दौरा है। एयरपोर्ट से और बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद रक्षा मंत्री शहीद जसवंत



शौर्य स्थल का लोकार्पण किया और बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तराखंड वार मेमोरियल ट्रस्ट की अंकित हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह देहरादून के चीड़बाग स्थित शौर्य स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने शौर्य स्थल का लोकार्पण किया सिंह मैदान पहुंचे और वेटरन रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान रक्षामंत्री ने कहा कि जब मैं (शेष पृष्ठ सात पर)

# जोशीमठ भू-धंसाव की सूचनाओं पर लगी रोक

नई दिल्ली/देहरादून (उद ब्यूरो)।केंद्र सरकार ने जोशीमठ भू-धंसाव की सूचनाओं पर सेंसरशिप लगा दी है। भू-धंसाव के कारणों की जांच करने गई केंद्रीय एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे भू-धंसाव से संबंधित सूचनाएं मीडिया को साझा नहीं करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए इस निर्णय के बाद राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण(एनडीएमए) ने भू-धंसाव अध्ययन से जुड़े सभी केंद्रीय संस्थानों को सर्कुलर जारी कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने 12 जनवरी को नई दिल्ली में जोशीमठ भू-धंसाव के संबंध में समीक्षा बैठक की थी। शुक्रवार को इस संबंध मे एनडीएमए के संयुक्त सलाहकार बिस्वारुप दास की ओर से सर्कुलर जारी किया गया। सर्कुलर में कहा गया है कि जोशीमठ भू-धंसाव के संबंध विभिन्न सरकारी संस्थाएं सोशल मीडिया पर अपने स्तर से आंकड़े जारी कर रही हैं। वे मीडिया से जोशीमठ के हालात की अपने हिसाब से व्याख्या कर रहे हैं। कहा कि यह न सिर्फ प्रभावित रहवासियों बल्कि देश भर के नागरिकों के मध्य भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है। पत्र में उल्लेख है कि 12 जनवरी को ही प्राधिकरण के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा गया कि जोशीमठ के भू धंसाव का आकलन (शेष पृष्ठ सात पर)


# कार की टक्कर से मासूम बालक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बिलासपुर के पास ईशा नगर में घर के बाहर खेल रहे पांच वर्षीय मासूम बालक को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बालक बुरी तरह घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। मूल रूप से जिला वैशाली बिहार निवासी मिथलेश सिंह बिलासपुर रोड स्थित चडड्ा पेपर मिल में कार्यरत हैं और बिलासपुर के पास ईशा नगर में परिवार के साथ रहते हैं। उनका पांच वर्षीय पुत्र ऋतिक घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच अनियंत्रित कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में ऋतिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रूद्रपुर के निजी अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।



# मकर संक्रांति पर हरिद्वार में उमड़े श्रद्धालु

हरिद्वार(उद संवाददाता)। मकर संक्रांति पर हरिद्वार में आस्था का रेला उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड में श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। गंगा घाटों पर मकर संक्रांति स्नान की तैयारियों को देर शाम अंतिम रूप दे दिया गया था। सूर्य के उत्तरायण होने पर देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाटों पर डुबकी लगाने की व्यवस्था की गई है। इस बार भी मकर संक्रांति की डुबकी दो दिन लगेगी। शनिवार की रात सूर्य उत्तरायण हो रहे हैं, स्नान सुबह से ही आरंभ हो जाएगा। लेकिन, पुण्यकाल की मान्यता रखने वाले रविवार को संक्रांति की डुबकी लगाएंगे। शनिवार को तड़के से ही हरकी पैडी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर हर गंगे और जय मां गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने दिन भर पुण्य की डुबकी लगायी। श्रद्धालुओं ने स्नान ध्यान और गंगा पूजन के बाद तिल गुड़ वस्त्र इत्यादि का दान भी किया। मकर संक्रांति पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कसी हुई है। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था चाक-(शेष पृष्ठ सात पर)




# आग सेकते युवक पर चाकू से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गित रात्रि मौहल्ला रम्पुरा में आग सेंक रहे एक युवक पर वहां मौजूद अन्य व्यक्ति ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में भगवान दास पुत्र रामपाल निवासी वार्ड 24 रम्पुरा ने कहा है कि उसका पुत्र अभिषेक कोली 10 जनवरी को रात्रि करीब 12 बजे के बीच अपने भाई को छोड़कर घर रम्पुरा की तरफ आ रहा था। मार्ग में एक दुकान पर आग जलते देखकर वह बैठ गया ।जहां पर चन्द्रसेन पुत्र छोटे लाल निवासी भी बैठा था। जिसने उसके पुत्र के साथ गाली-(शेष पृष्ठ सात पर)

# झपट्टामारों ने युवक से मोबाइल लूटा

काशीपुर(उद संवाददाता)। झपट्टामार बदमाशों ने पॉलिटेक्निक गेट के पास से एक व्यक्ति का कीमती मोबाइल लूट लिया मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला पंजीकृत करते हुए घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला पक्काकोट वार्ड नंबर 18 निवासी नावेद सैफी पुत्र हयात सैफी ने बताया कि बीते 12 जनवरी को जब वह पॉलिटेक्निक गेट के पास से होकर गुजर रहा था इसी दौरान दो अज्ञात युवकों ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# 10.75 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एएनटीएफ और पुलभट्टा पुलिस ने एक और तस्कर को गिरफ्तार कर 10.75 ग्राम स्मैक बरामद की है। चूकिंग के दौरान पुलिस टीम ने रेलवे क्रासिग के पास बंगाली कालोनी की तरफ जाने वाली सड़क पर सुखदेव सिह पुत्र जोगेन्द्र सिह निवासी वार्ड नम्बर 17 पुलभट्टा थाना पुलभट्टा के कब्जे से 10.75 ग्राम स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सुखदेव सिह से ने बताया कि पकड़ी गयी स्मैक वह सिरौलीकला के रहीस नाम व्यक्ति से लाया था। स्मैक को वह पुलभट्टा गाँव में नशेडियों को बेचता है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।साथ ही स्मैक सप्लायर सिरौली कला निवासी (शेष पृष्ठ 7 पर)



# कांग्रेस नेता एवं पूर्व सभासद साबिर अहमद का निधन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं आदर्श कालोनी वार्ड के पूर्व सभासद साबिर अहमद का गत सायं निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने उनके आवास पहुंचकर शोक व्यक्त किया। स्व. अहमद अहमद पिछले करीब तीन वर्षों से मस्तिष्क रोग से पीड़ित थे। उनका रूद्रपुर, दिल्ली, हल्द्वानी सहित अनेक शहरों में उपचार कराया गया था। मस्तिष्क रोग के प्रभाव के कारण उनकी आंखों की रोशनी भी चली गई थी। गत दिवस उनका स्वास्थ अचानक बिगड़ जाने पर परिजन चिकित्सक को घर लाए जिसने साबिर को मृत घोषित करा। साबिर की निधन की जानकारी मिलने पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पुरुषोत्तम अरोरा, बाबू (शेष पृष्ठ सात पर)



ब्यूटी पार्लर ठेके पर उपलब्ध

रुद्रपुर में गुलाब रेस्टोरेंट के सामने हरिमंदिर गली में स्थित 30x30 फुट की किराये की दुकान में चल रहा बहुत आधुनिक ढंग से बना हुआ ब्यूटी पार्लर पूरे साजो-सामान सहित ठेके पर लें।
(पूर्व में Lakme की फ्रेंचाइजी रही है)

ikyj pyku d bPNd 0;fDr lid dj
ekckby lid&8077683095

# अवैध शराब के खिलाफ अभियान में पांच तस्कर गिरफ्तार, तीन फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने अलग अलग स्थानों से पांच शराब तस्करों को अवैध कच्ची तथा अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन तस्कर पुलिस टीम को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गये। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक उमेश रजवार व अशोक कुमार साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल दीप चन्द व अजब सिंह के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर वह फौजी मटकोटा बिंदुखेड़ा मार्ग पर पहुंचे जहां को व्यक्ति बाईक पर कट्टे रखते दिखाई दिये। पुलिस टीम को देखकर दोनों वहां से भाग गये। पुलिस ने उनकी बाईक संख्या यूके 06 एवी 5804 को कब्जे में (शेष पृष्ठ सात पर)

# पत्रकार को घायल करने वाले कार चालक पर मुकदमा दर्ज

काशीपुर/रामनगर(उद संवाददाता)। सड़क हादसे में काशीपुर के वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव को गंभीर घायल करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। बता दें बीते दिनों वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव ऑफिस के कार्य से मोटरसाइकिल पर सवार होकर वाया मालधन रामनगर की ओर जा रहे थे इसी दौरान चोर पानी के समीप सामने से द्रुतगति से चली आ रही काली रंग की क्रेटा कार संख्या एच आर 10-1818 के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर पत्रकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया। एक्सीडेंट(शेष पृष्ठ सात पर)

# 31अभ्यर्थियों को बिहारीगढ़ के फार्म हाउस में कराया पेपर हल, कोचिंग सेंटरों की जांच शुरू

## पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड लेखपाल पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले में एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने मनीष और प्रमोद नाम के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एसटीएफ पहले ही एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब तक इस मामले में कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी के खिलाफ कनखल थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उधर सभी को हरिद्वार को रोशनाबाद कोर्ट में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के पास से एसटीएफ ने 41,50,000 रुपए बरामद किए हैं। एसटीएफ को अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश है। वहीं एसटीएफ के राडार पर वो 36 अभ्यर्थी भी हैं जिन्होंने पेपर खरीदा और परीक्षा से पहले उसे सॉल्व किया। एसटीएफ इस बात की भी तहकीकात कर रही है कि कहीं पहले भी तो आयोग से कोई पेपर लीक नहीं किया गया है। एसटीएफ की जांच में अब तक 36 अभ्यर्थियों को पेपर हल कराए जाने की बात सामने आई है। इनमें से पांच अभ्यर्थियों को रामकुमार ने अपने रिश्तेदार के घर लक्सर में पेपर हल कराया। जबकि 31 अभ्यर्थियों को बिहारीगढ़ के शिवालिक ब्रिक्स नाम के फार्म हाउस ले जाया गया था। सभी अभ्यर्थियों को यहां छह जनवरी की शाम को ले जाया गया। इसके बाद सात जनवरी शाम को सभी अपने-अपने वाहनों से घर चले गए। अगले दिन सभी



अपने-अपने सेंटरों पर पेपर देने चले गए। एसटीएफ के अनुसार अन्य अभ्यर्थियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। हो सकता है कि इसमें और भी अभ्यर्थी शामिल हों। पटवारी पर्चा लीक मामले के तार रुड़की और देहात के कुछ कोचिंग संेटरों से भी जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। आशंका को बल इसलिए भी मिल रहा है कि एसटीएफ ने रुड़की के पनियाला से भी एक युवक को भी शक के आधार पर हिरासत में लिया है। ऐसे में एसटीएफ और पुलिस की रडार पर कई कोचिंग सेंटर भी आ गए हैं। सरकारी विभागों में होने वाली भर्तियों में नकल हो या पेपर लीक का मामला। इन सभी के तार रुड़की क्षेत्र से जरुर जुड़े मिलते हैं। अब एक बार फिर पटवारी पर्चा लीक मामले का खुलासा हुआ है तो रुड़की क्षेत्र फिर से चर्चाओं में आ गया है। एसटीएफ ने पटवारी पर्चा लीक मामले में बृहस्पतिवार को लक्सर के सेठपुर गांव निवासी एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। जबकि रुड़की के पनियाला रोड निवासी एक युवक को भी शक के आधार पर हिरासत में लिया है।एसटीएफ की टीम युवक को अपने साथ देहरादून ले गई है और उससे गहनता से पूछताछ कर रही है। रुड़की के युवक को हिरासत और लक्सर के व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद शक के घेरे में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कई कोचिंग सेंटर भी आ गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि कहीं न कहीं पर्चा लीक मामले के तार रुड़की और देहात के कुछ कोचिंग सेंटरों भी जुड़े हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि कुछ कोचिंग सेंटर संचालक गिरफ्तार आरोपियों से संपर्क में थे। संचालकों ने अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर पर्चा उपलब्ध कराया होगा। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को लेकर कोचिंग सेंटरों की जांच की जा रही है। पनियाला के युवक और लक्सर निवासी व्यक्ति के संपर्क में कौन-कौन लोग थे, इसकी भी बारीकि से जांच चल रही है। वन विभाग में फॉरेस्ट गार्ड (वन आरक्षी) की 2020 में हुई भर्ती परीक्षा में भी संगठित तरीके से नकल कराई गई थी। रुड़की के एक कोचिंग सेंटर संचालक ने कुछ अभ्यर्थियों को डिवाइस देकर पेपर देने के लिए भेजा था। बाहर से कोचिंग सेंटर से जुड़े लोगों ने अभ्यर्थियों को सवालों के जवाब बताए थे। इस मामले में एसटीएफ ने रुड़की और पौड़ी में मुकदमे दर्ज कराए थे। जांच में पता चला था कि अभ्यर्थियों से पांच से आठ लाख रुपये तक लिए गए थे।

# जेई, एई और प्रवक्ता भर्ती परीक्षाओं के भी पेपर लीक कर चुका है संजीव!

देहरादून। पेपर ली कांड का मुख्य सरगना संजीव चतुर्वेदी उत्तराखंड लोकसेवा आयोग में रहकर वर्ष 2018 से भर्तियों में खेल करता आ रहा है। एसटीएफ की जांच में लेखपाल-पटवारी भर्ती के अलावा तीन अन्य भर्तियों के पेपर लीक कर बेचने की पुष्टि हो चुकी है। इनमें जेई, एई और प्रवक्ता भर्तियां शामिल हैं। इनके पेपर के लिए संजीव ने 30 से 50 लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी लिए हैं। एसटीएफ इन भर्तियों में हुए खेल का भी जल्द खुलासा कर सकती है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एसटीएफ की गिरफ्त में आते ही संजीव चतुर्वेदी ने अपने सारे काले कारनामे तोते की तरह उगल दिए। बताया कि उसने सिर्फ यही पेपर लीक नहीं कराया था बल्कि यह काम तो वह बीते चार साल से करता आ रहा है। जितना उसे याद था, उसमें से उसने तीन भर्तियों के नाम लिए। इनमें अवर अभियंता (जेई), सहायक अभियंता (एई) और प्रवक्ता भर्ती शामिल है। ये भर्तियां आयोग ने वर्ष 2021 में निकाली थीं। इनके रिजल्ट आ चुके हैं।एसटीएफ की शुरुआती जांच में पता चला है कि इन भर्तियों के पेपर उसने बड़े दाम लेकर आउट किए थे। इनमें एई के पेपर के लिए 50 लाख रुपये प्रति अभ्यर्थी लिए गए। जबकि, जेई और प्रवक्ता के लिए प्रति अभ्यर्थी 30 से 35 लाख रुपये वसूल किए। एसटीएफ अब इन अभ्यर्थियों तक भी पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि इन भर्तियों में शामिल हुए नकलची अभ्यर्थियों के रिजल्ट भी रद्द करा दिए जाएंगे। साथ ही एसटीएफ इन सभी को भी मुल्जिम बना सकती है। एसटीएफ ने अब तक अभ्यर्थियों की संख्या की भी तस्दीक कर ली है। जेई भर्ती में तीन अभ्यर्थियों ने पेपर खरीदकर परीक्षा दी थी। जबकि, एई के लिए पांच अभ्यर्थियों ने पेपर खरीदा था। प्रवक्ता पद के लिए अब तक एसटीएफ तीन अभ्यर्थियों के नामों की पुष्टि कर चुकी है। बताया जा रहा है कि इनकी संख्या और भी हो सकती है। यदि संख्या ज्यादा हुई तो एसटीएफ इन परीक्षाओं को रद्द करने के लिए भी पत्र भेज सकती है। अभी तक केवल 2021 में तीन भर्तियों पर दाग का पता चला है। सूत्रों के अनुसार, अभी आरोपियों से पूछताछ चल रही है। ऐसे में हो सकता है कि कुछ और परीक्षाओं पर भी इसी तरह से दाग हों। ऐसे में 2018 से अब तक की सभी परीक्षाओं की जांच भी की जा रही है। एसटीएफ इसके लिए आयोग के अधिकारियों से संपर्क कर सभी का विवरण जुटा रही है।



# एनडीआरएफ महानिदेशक अतुल करवाल ने किया भू धँसाव का स्थलीय निरीक्षण

## पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईआरबी के जवानों को दिये निर्देश

जोशीमठ। महानिदेशक एनडीआरएफ श्री अतुल करवाल ने जोशीमठ पहुँचकर जोशीमठ में हो रहे भू धँसाव का स्थलीय निरीक्षण किया





व उपसेनानायक एसडीआरएफ श्री मितिलेश कुमार से भू धँसाव के सम्बंध में जानकारी ली गयी।इधर गढ़वाल आयुक्त श्री सुशील कुमार व पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र श्री करन सिंह नगन्याल द्वारा जोशीमठ भू धँसाव के प्रभावितों के लिए चिन्हित भूमि व तपोवन टनल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री प्रमेन्द्र डोबाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद शाह, प्रभारी निरीक्षक कैलाश भट्ट मौजूद रहे। वहीं पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र श्री करन नगन्याल द्वारा कोतवाली जोशीमठ में जोशीमठ क्षेत्र में हो रहे भू धँसाव के दृष्टिगत लगे फोर्स जिला पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईआरबी के जवानों को ब्रीफ करते हुए निम्न निर्देश दिए है कि पुलिसकर्मियों को अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूर्ण मनोयोग एवं अनुशासन व सतर्कता पूर्वक करने हेतु निर्देशित किया। यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि बैरियर या अन्य ड्यूटियों में हर पुलिस कर्मी द्वारा जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व मित्रतापूर्ण व्यवहार किया जाए। मादक पदार्थ का सेवन न करने की हिदायत दी गई। ध्वस्तीकरण कार्यवाही के दौरान स्वयं सावधानी बरतने व जनता को प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर रखने हेतु निर्देशित किया। किसी भी प्रकार की आपदा के दृष्टिगत तैयारी हालत में रहने व पुलिस बल को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए।

# मलारी इन के मालिक ने परिवार सहित खाली किया होटल

जोशीमठ। भू-धंसाव के बाद सबसे अधिक खतरे में आए दो होटलों को तोड़ने की कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने होटलों को धीरे धीरे खाली करना शुरु कर दिया है। खिड़कियां, दरवाजे हटाए जा रहें हैं। आपको बता दें कि जोशीमठ में दो होटल मलारी इन और माउंट व्यू एक दूसरे पर झुक गए थे। इसके साथ ही ये दोनों होटल लगातार पीछे की ओर धंस भी रहें हैं। ऐसे में इन होटलों से खतरा बढ़ गया है। प्रशासन को डर है कि ये होटल पीछे की ओर मकानों पर गिर सकते हैं और इससे बड़ा नुकसान हो सकता है। ऐसे में इन होटलों को तोड़ा जाना है। होटल मलारी इन के मालिक ठाकुर सिंह राणा ने भी आखिरकार प्रशासन की बात मान ली और वो अपने परिवार के साथ होटल से बाहर निकल आए। इसके बाद वो पुलिस अधिकारियों के साथ चले गए। इस



दौरान ठाकुर सिंह राणा का परिवार भावुक हो गया। आपको बता दें कि मलारी इन के मालिक ठाकुर सिंह राणा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर नाराज थे और सबसे पहले मुआवजा तय करने की मांग कर रहे थे। वहीं प्रशासन ने मलारी इन होटल के खिड़कियों के शीशे निकालने शुरु कर दिए हैं। होटल की छत पर रखा ट्रांसफार्मर हटा दिया गया है। पानी की टंकिया भी हटा दी गईं हैं। इसके साथ ही टीन शेड खोला जा रहा है। होटलों को डिस्मेंटल करने का काम केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) के वैज्ञानिकों की देखरेख में हो रहा है। सीबीआरआई ने एक सप्ताह में दोनों होटलों को डिस्मेंटल करने की बात कही है। पुलिस ने बद्रीनाथ हाईवे पर बैरिकेडिंग लगा रखी है। प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो होटलों का मलबा जोशीमठ से बाहर ले जाकर निस्तारित किया जाएगा।

# अनुसूचित जाति के युवक को पीटने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

उत्तरकाशी। मंदिर में प्रवेश करने पर अनुसूचित जाति के युवक की पिटाई प्रकरण के पांचों आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार देर शाम गांव से गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के लिए पीड़ित पक्ष के समर्थन में अनुसूचित जाति के लोग पूरे दिन मोरी थाने में जमे रहे।मोरी विकास खंड के बेनौल गांव के अनुसूचित जाति के युवक आयुष (22) ने क्षेत्र के पांच सवर्णों पर जानलेवा हमले के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। युवक का आरोप था कि सालरा गांव के मंदिर में प्रवेश करने पर उसे रात भर जलती लकड़ी से पीटा गया। आयुष ने पुलिस में शिकायत दी थी। इसके बाद मामले की जांच सीओ ऑपरेशन प्रशांत कुमार को सौंपी गई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ प्रशांत कुमार बृहस्पतिवार सुबह ही मोरी के लिए रवाना हो गए थे। वहीं पीड़ित पक्ष के समर्थन व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के लिए करीब 100 से 150 लोग सुबह करीब 11 बजे मोरी थाने पहुंच गए थे। पुलिस ने देर शाम प्रकरण के पांचों आरोपियों जयवीर सिंह, ईश्वर, आशीष, चौन सिंह व भग्यान सिंह को गांव से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मोरी मोहन सिंह कठैत ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं मोरी क्षेत्र के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग व आरोपियों पर जानलेवा हमले की धारा लगाने के लिए लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। पीड़ित आयुष के भाई विनेश ने बताया आयुष घटना के बाद से कुछ खा नहीं रहा है। आयुष का उपचार दून अस्पताल में चल रहा है।

# जोशीमठ में धन सिंह रावत कर रहे राहत कार्यों की निगरानी

जोशीमठ।कैबिनेट मंत्री और चमोली जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत जोशीमठ पहुंच गए हैं। धन सिंह रावत वहां राहत कार्यों का जाएजा लेंगे और प्रभावितों के संपर्क में रहेंगे। शुक्रवार को जोशीमठ पहुंचने के बाद धन सिंह रावत ने राहत शिविरों का दौरा किया है और वहां पीड़ितों का हाल-चाल जाना। उन्होंने भू-धंसाव से प्रभावित सभी लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ है। डॉ0 रावत ने भू-धंसाव वाले विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्थलीय निरीक्षण कर स्थानीय प्रशासन व राहत कार्यों में जुटे अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को प्रभावितों के रहने की समुचित व्यवस्था करने व राहत कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश



दिए। उन्होंने आपदा की संवेदनशीतला को देखते हुये जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को कहा, साथ ही उन्होंने अधिकारियों को राहत व पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की भी हिदायत दी। डॉ0 रावत ने बताया कि मामले की संवदेनशीलता को देखते हुये जोशीमठ में मेडिकल टीमें तैनात की गई है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पीड़ित परिवारों के रूटीन चौकअप के भी निर्देश दिये गये हैं। डॉ0 रावत ने शुक्रवार को एक-एक राहत शिविर में पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही उन्होंने भू-धंसाव से प्रभावित लोगों को राहत राशि के चैक वितरित किये। गौरतलब है कि भू धंसाव के बाद यहां के ग्रामीणों में चिंता का माहौल व्याप्त हो रहा है। पिछले वर्ष 2021 में चमोली में आई आपदा भी इसी भूस्खलन का नतीजा था, जिसमें 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। प्रो. सिन्हा ने बताया कि जोशीमठ व आसपास का क्षेत्र भूकंप के जोन पांच में आता है, जो बेहद सक्रिय क्षेत्र है। भूमि के अंदर छोटे-छोटे भूकंप आने से भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है। साथ ही यहां जो भी विकास हुआ, वह अनियोजित तरीके से हुआ है।

# अवैध शराब की तस्करी में चार लोग गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने अलग अलग स्थानों से चार शराब तस्करों को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक विकास कुमार साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल राजीव शाही व हेम फुलारा के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर उन्होंने ग्राम अमरपुर शमशान घाट के पास रमेश सिंह पुत्र खंडा सिंह को कट्टे में भरे 80 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने वापिसी के दौरान मार्ग पर संदिग्ध रूप से घूम रहे ग्राम के ही निवासी मक्खन सिंह पुत्र अवतार सिंह को 60 पाउच कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। वहीं उप निरीक्षक पूरन सिंह ने साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल जगमोहन गौड़ के साथ गश्त करते समय मुखबिर की सूचना पर शिवनगर शमशान घाट के पास मुनेन्द्र सिंह चौहान पुत्र महादेव मूल निवासी ग्राम झिझोटा, थाना कंपिल, तहसील कामसगंज फर्रूखाबाद हाल निवासी विवेकनगर ट्रांजिट कैम्प को कट्टे में भरे 65 पाउच कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। इधर कांस्टेबल जीवन भट्ट व भूपाल सिंह ने गश्त के दौरान पंतनगर इन्द्रा कालोनी मार्ग से यहीं के निवासी हरगोबिंद उर्फ गुड्डू पुत्र गणेश को 25 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर पकड़े गये सभी शराब तस्करों के विरूद्ध मामले दर्ज कर लिये।


अरोरा डेन्टल केयर

Dental Facilities / सुविधायें

डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085

डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur

2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur


# शिविर में स्वयंसेवियों ने सीखे के आग बुझाने के गुण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर में गत दिवस अग्निशमन कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में आग बुझाने के गुर सिखाए गए। अग्निशमन अधिकारी दया कृष्ण पलडिया ने स्वयंसेवकों को आग बुझाने का अनेक तरीके बताएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अग्नि शमन एक महत्वपूर्ण विषय है जो कि हमारी दिन-प्रतिदिन की जीवन चर्या में महत्वपूर्ण योगदान देता है। स्वयंसेवक के लिए



यह आवश्यक है कि वह आग बुझाने के सभी तरीके विस्तार से जाने। उन्होंने स्वयंसेवकों आग लगने तथा बुझाने के तरीकों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अग्निशमन विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा, यतेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह सिकरवार, वीके सिंह, प्रशांत सिंह सहित अनेक शिक्षक तथा स्वयंसेवी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय ने अग्निशमन विभाग की तारीफ करते हुए स्वयंसेवक का आह्वान किया कि जीवन में अनेक कौशलों का सीखना अनिवार्य है। जिससे कि जीवन की चुनौतियों का सामना आसानी से किया जा सके।

# महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक डिग्री कॉलेज प्रीत विहार रुद्रपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियो द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी संदीप त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. भावना कपूर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश




डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. विनीता पाण्डे ने विवेकानंद के आदर्शों का वर्णन करते हुए देश की उन्नति में युवा शक्ति के महत्त्व को बताया। जिसमें इला, मान्या, शिवांगी, सोनी, ऐश्वर्या आदि स्वयंसेवीओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में असमीत कौर सेठी, डॉ. रजनी छिम्वाल, प्रिया गुप्ता, डॉ. रुपाली सक्सेना, परविंदर कौर, डॉ. नाजिया बानो, आँचल जुनेजा, खीमानन्द बिनवाल, रवि कुमार सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पवित्र ज्योति लेकर लखनऊ रवाना हुए मेला समिति के लोग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बाबा बागनाथ मंदिर की ज्योति से उत्तरप्रदेश की राजधानी में उत्तरायणी मेले का आगाज होता है।लखनऊ में उत्तरायणी मेले का शुभारंभ बागेश्वर की पवित्र ज्योति के साथ होता है। इसके लिए लखनऊ मेला समिति के लोग गुरुवार को बागेश्वर पहुंचे। यहां उन्होंने बागनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष नंदन सिंह रावल से मुलाकात की।शुक्रवार की सुबह बागनाथ मंदिर




में पूजा अर्चना की। विधि विधान के साथ वेद मंत्रों के साथ सरयू गोमती संगम तट पर गंगा स्नान के पश्चात अलौलिक अखंड ज्योति की पूजा अर्चना के बाद अलौकिक ज्योति को ले जाया जाता है।जहां समिति के सदस्य बागनाथ पुजारी के आदेश के बाद अखंड ज्योति को लेकर लखनऊ को रवाना हो गए। 14 जनवरी से वहां भी उत्तरायणी मेले का शुभारंभ करेंगे।लखनऊ मेला समिति केनवीन जोशी, दिनेश जोशी ने बताया कि वह दस साल से यहां आ रहे हैं और ज्योति लेकर जाते हैं। इस मौके पर भवगत रावल, हरीश रावल, नवीन रावल आदि मौजूद रहे।

# वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कर यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष काठगोदाम प्रमोद पाठक 'एल द्वारा रेलवे स्टेशन पर टैक्सी, आटो, बस व विभिन्न वाहन चालकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में रश्मि भट्ट एआरटीओ हल्द्वानी, निखिल शर्मा परिवहन कर अधिकारी , डा.अभिनाष कुमार राय मेडिकल आफिसर,




डा.गणेश शंकर नेत्र विशेषज्ञ मोटाहल्दू ने प्रतिभाग कर वाहन चालकों का स्वास्थ व नेत्र परीक्षण किया।चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नशे में वाहन न चलाये जाने, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करने, वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करने, तेज गति में वाहन न चलाने हेतु जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त आम जनमानस को भी यातायात नियमों से जागरूक किया गया।

# राज्यपाल ने दी मकर सक्रांति की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राज्य के सभी नागरिकों को मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू पर्व की बधाई देते हुए उनके सुखी, समृद्ध तथा स्वस्थ जीवन की कामना की है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि उत्सव, तीज-त्योहार हमारे जीवन की नीरसता को कम करके जीवन में एक नई उमंग, उत्साह और ऊर्जा का संचार करते हैं। हमारी यह समृद्ध परम्पराएं सामाजिक सौहार्द तथा अच्छा वातावरण बनाये रखने में मदद करती हैं। हमें अपनी इन गौरवशाली परम्पराओं को निभाते रहना चाहिए क्योंकि स्वस्थ सामाजिक वातावरण में देश-प्रदेश तथा समाज की प्रगति सुनिश्चित है।


शीघ्र आवश्यकता है

SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1),**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम,** अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

पता-7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रूद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर

Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127

www.sampurnajeevan.com



वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर


# चोरी की मोटरसाइकिल सहित वाहन चोर गिरफ्त में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक वाहन चोर को चोरी की मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 12 जनवरी को मो. जावेद पुत्र शाहिद निवासी वार्ड 30 इन्द्रानगर, बनभूलपुरा द्वारा थाना बनभूलपुरा में रपट दर्ज कराई कि 8 जनवरी की रात्रि उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 04 पी 2790 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। मामले



पर कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उनि. मनोज यादव, उनि. संजीत राठौड, का. कमल पन्त व दिलशाद अहमद चोरी की मोटर साईकिल की तलाश कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर टीम आवला गेट से गोला पुल की ओर जंगल की तरफ गई जहां चोरी की मोटरसाईकिल के साथ खड़े युवक को टीम ने दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सैफ अली पुत्र हसीन उर्फ हथौडा निवासी गफूर बस्ती, बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने बताया सैफ अली वाहन चोरी के मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। आवश्यक जानकारी लेने के बाद पुलिस ने बाईक कब्जे में लेकर सैफ को गिरफ्तार कर लिया।

# जनता इण्टर कालेज में एनएसएस शिविर का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इण्टर कालेज रूद्रपुर में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का कालेज प्रागंण में समापन हुआ। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी मनीषा जोशी ने शिविर को सम्बोधित किया व 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया और कहा कि प्रधानाचार्य व शिक्षकों का बहुत सहयोग प्राप्त हुआ जिसके लिए उन्होनें सभी का अभार प्रकट किया, शिविर का समापन सफलता पूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि व पूर्व एनएसएस जिला समन्वयक डॉ0 के.वी सिंह ने शिविर को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि स्वयं सेवकों द्वारा कई अभियान चलाकर समाज में जागरूकता फैलाई गई और आशा है कि वे आगे भी इस जागरूकता व समाज सेवा का आगे



व्यवस्थित रूप से जारी रखेंगें। इस अवसर पर एनएसएस जिला समन्वयक मनोज जौहरी भी उपस्थित थे। उन्होंने शिविर के स्वयं सेवकों के अभियानों व रैली की प्रंशसा की व सन्तुष्टि प्रकट की और शिविर के सफल संचालन के लिए डॉ0 मनीषा को बधाई दी। विद्यालय के प्राधानाचार्य डॉ0 सतीश अरोरा ने कहा कि एनएसएस प्रभारी ने अपने कार्य का विपरीत परिस्थितियों में शिविर का सफल संचालन किया। सभी दायित्वों का सही प्रकार से निर्वाहन किया। उनका संचालन उत्कृष्ट था जिसके लिए वे प्रशंसा की हकदार हैं। स्वयं सेवकों ने भी बढ़चढ़ कर शिविर के कार्यो में हिस्सा लिया। शिविर का समापन छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक प्रोग्राम, पारम्परिक नृत्य व संगीत के साथ हुआइस अवसर पर शिविर में प्रीति भट्नागर, चम्पा, राखी, मनोज सिंह, अखिलेश, गोविन्द, अनिल कन्नौजिया, वीरेन्द्र जोशी, तजेन्दर व सतेन्द्र आदि शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित रहें।


ANANT GRAPHICS

We Deals In

All Kinds of Printing Solution...

Price | Time | Quality

Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues

Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing

Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

More information call us 98377 77818

E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# लेप्रोस्कोपिक विधि का प्रशिक्षण का समापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय लेप्रोस्कोपिक विधि का प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण 2 जनवरी को शुरू हुआ था जो कि 12 दिवसीय था उक्त प्रशिक्षण में डॉ रेनी पांति डॉ सोनाली मंडल, डॉ सुरेश अरोड़ा, डॉ नम्रता त्रिपाठी को डॉक्टर अश्विनी चौबे द्वारा लेप्रोस्कोपिक विधि में प्रशिक्षण दिया गया। जिसके क्रम में जनपद को दो लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं पिथौरागढ़ 1व 1चंपावत को एक सर्जन मिले। उक्त बैठक में जिला अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। परिवार नियोजन कार्यक्रम के लक्ष्य को प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। प्रशिक्षण का समापन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ सुनीता चुपाल द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया एवं परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत लेप्रोस्कोपी विधि को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा देने के लिए कहा गया। उक्त बैठक में डॉ हरेंद्र मलिक,अपर मुख्य चिकित्साअधिकारी,डॉ तपन शर्मा अपर चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश आर्य, डॉ आर के सिन्हा,प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक व परिवार नियोजन जिला संयोजक प्रदीप मैहर आदि मौजूद थे।








# मॉडल कॉलोनी में धूमधाम से मना लोहड़ी पर्व

## विधायक शिव अरोरा ने लोहड़ी जलाकर दी शुभकामनाएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मॉडल कालोनी में शिव मंदिर पार्क में श्री शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने लोहड़ी प्रज्वलित की और सभी को लोहड़ी की बधाई दी। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रूप से विधायक बनने के बाद मॉडल कालोनी में यह उनकी पहली लोहड़ी है और इस प्रकार के सुंदर आयोजन जिसमे लोहड़ी गीत से लेकर ढोल नगाड़ों पर नृत्य कर लोहड़ी पर्व की भव्यता को दर्शाता है। विधायक अरोरा ने कहा विधायक के रूप में उनका पहली बार मॉडल कालोनी आगमन हुआ और इस प्रकार के भव्य स्वागत हेतु उन्होंने सभी कमेटी मेम्बर का आभार जताया जिन्होंने सुंदर लोहड़ी पर्व का आयोजन किया , साथ ही शिव मंदिर ट्रस्ट द्वारा विधायक शिव अरोरा को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। वही विधायक शिव अरोरा ने विधिवत रूप से लोहड़ी जलाकर सभी को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी । साथ ही कहा हमारा रुद्रपुर संस्कृतिक परम्पराओ से भरा हुआ है जहां हर पर्व को आपसी प्रेम सहयोग के साथ मनाया जाता है और हम नये वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं निश्चित रूप से यह वर्ष रुद्रपुर के आगे ले जाने के लिये नये नये विकास कार्यो के साथ खास होने जा रहा है , जिसमे काफी कार्य अस्तित्व में आने वाले हैं । विधायक ने कहा रुद्रपुर के विकास को लेकर वह एक नये विजन के साथ कार्य कर रहे हैं जिसके परिणाम जल्दी सामने आएंगे। सभी क्षेत्र की जनता के सहयोग से रुद्रपुर विधानसभा को आदर्श विधानसभा के रूप में स्थापित करने के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं । इस दौरान कार्यक्रम में महेश छाबड़ा, सुशील अग्रवाल, सुशील घीक, ताराचंद, पार्षद रजनी रावत, बलदेव डाबर, शलेन्द्र रावत, सुषमा अग्रवाल , राकेश गुलाटी, मयंक कक्कड़, सुनील ठुकराल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






# गूलरभोज में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

गूलरभोज(उद संवाददाता)। गूलरभोज मेन चौराहे पर लोहड़ी का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया। लोहड़ी पर प्रसाद बांटकर सभी को बधाई दी गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, हरीश छाबड़ा, आशु रघुवंशी, शिवम रघुवंशी, महेंद्र सिंह पानू, आनंद सिंह पानू, रमेश खोलिया, राकेश ग्रोवर, विजय गुंबर, अमित कुमार गुप्ता,ओमप्रकाश डोगरा,नंदन सिंह कोश्यारी,



प्रमोद ठुकराल, केशव ठुकराल, ईश्वरी डोगरा, घनश्याम मुरारी आदि लोग उपस्थित थे। उधर रेलवे फाटक के पास रामकिशन दहूजा के प्रतिष्ठान पर लोहड़ी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया और प्रसाद भी बांटा गया। इस अवसर पर कश्मीर लाल अनेजा, रामकिशन दहूजा, सचिन दहूजा, मनोज कुमार, राज अनेजा, अर्पित अनेजा, अजय कुमार, हरेंद्र चौधरी, किशन लाल आदि लोग उपस्थित थे।

# ओमेक्स रिवेरा में लोहड़ी की रही धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल मार्ग स्थित ओमेक्स रिवेरा सोसाइटी में गत रात्रि लोहड़ी पर्व की खूब धूम रही। कालोनी वासियों ने सांझी लोहड़ी प्रज्वलित कर अग्नि में फुल्ले, रेवड़ी, तिल, मूंगफली आदि अर्पित कर सबकी सुख समृद्धि की कामना की। उपस्थित वरिष्ठ जनों से सबने आर्शीवाद लिया। इस मौके पर बैंड बाजे की धुन पर सबने लोहड़ी गीत गाकर नृत्य करते हुए जमकर खुशियां मनाई। इस दौरान भारत भूषण चुघ, कनिका चुघ, विशाल भुड्डी, गौरव ग्रोवर,संजीव अरोरा, सुमित साहनी, जतिन छाबड़ा, जितेंद्र साहनी, संदीप विजन, ऋतिक छाबड़ा, कुलजीत सिंह, मंजू भुड्डी, प्रीति ग्रोवर, नीलू साहनी, सुरभि साहनी, दिशा विजन, सोनिका कौर, साक्षी छाबड़ा, एकता अरोरा, एकता छाबड़ा आदि मौजूद थे। अंत में प्रसाद वितरित किया गया।



# हर तरफ नजर आया लोहड़ी पर्व का उल्लास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लोहड़ी का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोहड़ी जलाई गयी और एक दूसरे को बधाई देकर सर्वकल्याण की कामना की गयी। पूजन कर आग प्रज्वलित कर राष्ट्र व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।नवविवाहित दंपती ने अपने सुखद भविष्य के लिए अग्नि रुप ईश्वर से मंगल कामना, नवजात शिशुओं की गुरमीत सिंह आदि मौजूद थे। इसके अलावा आवास विकास, मुख्य बाजार, माडल कालोनी, सिंह कालोनी, आदर्श कालोनी, फ्रेंड्स आदि कालोनियों में पंजाबी समाज के लोगों ने लोहड़ी




जिला मुख्यालय पर सनातन धर्म सभा की ओर से शुक्रवार को मुख्य बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनणयण मंदिर व श्री हरि मंदिर में लोहड़ी धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने अग्निदेव का भक्तिभाव से आयु,यश व निरोग के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी मनोज कत्याल,सभा के प्रधान महेश बब्बर, विजय जग्गा, नंदलाल भुड्डी, ओमप्रकाश अरोरा, हरि चंद्र मिड्ढा, जलाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इधर, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,नागेंद्र शर्मा, सुभाष भुड्डी, अमित अरोड़ा राजेंद्र अरोड़ा , शगुन अरोड़ा बंटी कोली आदि ने हरि मंदिर में लोहड़ी जलाई।

# अनहद ग्रुप में थानाध्यक्ष ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यशाला आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। जिले भर में चलाये जा रहे 33वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत गदरपुर थानाध्यक्ष राजेश पाण्डे ने अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज में कार्यशाला में कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से व्यक्ति न सिर्फ अपनी सुरक्षा करता है बल्किम दूसरों की भी सुरक्षा करता है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है।



विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने कहा जीवन अनमोल है। यह हम सबको समझना होगा। सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से हम खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। साथ ही बेवजह चालान से भी छुटकारा पा सकते हैं। इससे पूर्व अनहद ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज के स्वामी स्वामी लवली हुड़िया ने थानाध्यक्ष का स्वागत किया और इस आयोजन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने अनहद ग्रुप से के सभी स्टाफ से यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आहवान किया। इस अवसर पर नरेश अरोरा, सन्नी गुम्बर, अमन बत्रा, सुरेश कम्बोल, शगुन बत्रा,शीतल, मीना पंवार, शिव शर्मा, सोनू राजपूत, विरेंद्र सिंह, राजू छाबड़ा, रिशीपाल, मनमोहन आदि मौजूद थे।

# धामी सरकार ने राहत पहुंचाने के लिये झोंकी ताकत

## जोशीमठ के भूधंसाव प्रभावितों को भवन अथवा राहत पैकेज के रूप में धनराशि देने का निर्णय

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में भू धंसाव और घरों में पड़ी दरारों से प्रभावित ग्रामीणों की सुरक्षा व राहत और बचाव कार्यों के लिये के लिये धामी सरकार ने पूरी ताकत झांक दी है। आपदाग्रस्त जोशीमठ के प्रभावितों के लिये सरकार ने राहत का मरहम भी लगाया है। जबकि हर संभव मदद और लोगो को मुआवजे के लिये 45 करोड़ का राहत पैकेज घोषित किया है। धामी मंत्रिमंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में प्रभावितों को तात्कालिक राहत देने के साथ ही दीर्घकालिक उपायों के दृष्टिगत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने आगामी छह माह के लिए आपदा प्रभावित परिवारों के पानी व बिजली के बिल माफ करने का निर्णय लिया है। साथ ही बैंकों से लिए गए ऋण की वसूली एक साल तक स्थगित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावितों के पशुओं की चिंता भी सरकार ने की है और इसके लिए धनराशि का प्रविधान किया है। पशुओं को कहां रखना है, कृषि विभाग इसके लिए शीघ्र भूमि चयनित करेगा। यह निर्णय भी लिया गया कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास को राहत पैकेज के दृष्टिगत केंद्र सरकार को सप्ताहभर के भीतर प्रस्ताव भेजा जाएगा। कैबिनेट ने आपदा से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर शीघ्रता से निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया है। जोशीमठ शहर में भूधंसाव और घरों व जमीनों में दरारें पडने के मद्देनजर सरकार ने राहत कार्यों में पूरी ताकत झोंकी हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार और गुरुवार को जोशीमठ में राहत कार्यों का जायजा लिया। समस्या से निबटने के दृष्टिगत जांच कार्य में जुटे तमाम संस्थाओं के विज्ञानियों के साथ ही सेना व आइटीबीपी के अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के साथ युद्ध स्तर पर बैठकें की थीं। उन्होंने आपदा प्रभावितों को आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक विशेष रूप से जोशीमठ आपदा से निबटने को उठाए जाने वाले कदमों पर केंद्रित रही। कैबिनेट ने आपदा प्रभावित भवन स्वामियों व व्यक्तियों को स्थायी अध्यासन– विस्थापन नीति तैयार होने से पहले अग्रिम के रूप में दी जाने वाली अंतरिम सहायता के लिए 45 करोड़ की धनराशि का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया। यह राशि प्रभावितों को बांटी जा रही है। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव डा एसएस संधु ने बताया कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास को जोशीमठ के नजदीकी कोटी फार्म, पीपलकोटी, गोचर, ग्राम गोखसेलंग व ढाक को चयनित किया गया है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण वहां जियो फिजिकल सर्वे कर रहा है। उसकी रिपोर्ट मिलने के बाद प्रभावितों के लघुकालिक पुनर्वास के लिए प्री–फैब्रिकेटेड घर बनाने पर कैबिनेट ने सैद्धांतिक सहमति दी। सीबीआरआइ ऐसे घरों का माडल सैंपल बनाएगा। मंत्रिमंडल ने निर्देश दिए कि प्रभावितों के मध्य सर्वे कराते हुए उन्हें भवन अथवा पैकेज के रूप में धनराशि देने का निर्णय लिया जाएगा। कैबिनेट ने किराये पर रह रहे जोशीमठ के आपदा प्रभावितों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की दर से दी जाने वाली राशि बढ़ाकर पांच हजार रुपये करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। कहा गया कि यदि डीएम चमोली की रिपोर्ट आधार पर इस राशि में और वृद्धि की आवश्यकता होगी तो इसके लिए निर्णय लेने को मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे। कैबिनेट ने आपदा प्रभावितों को राहत शिविरों में ठहराने को एसडीआरएफ के मानकों के अनुसार 950 रुपये प्रतिदिन प्रतिकक्ष और प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन भोजन के लिए 450 रुपये की राशि के प्रस्ताव पर सहमति दी। निर्णय लिया गया कि यदि कोई व्यक्ति राहत शिविर में भोजन करने का इच्छुक नहीं है तो उसे 450 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। इसके अलावा बड़े पशुओं के चारे के लिए 80 रुपये और छोटे पशुओं के चारे को 45 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। इन पशुओं को कहां रखा जाएगा, इसके लिए कृषि विभाग जल्द भूमि चयन करेगा। जोशीमठ में भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण, जल निकासी से संबंधित कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। बताया गया कि सिंचाई विभाग के स्तर से जोशीमठ में नदी की ओर से कटाव रोकने संबंधी कार्य ईपीसी मोड में कराने को वेपकोस संस्था को शार्टलिस्ट किया गया है। निर्णय लिया गया कि सिंचाई विभाग व वेपकोस, जो भी पहले डीपीआर तैयार करेगा, वह कार्य प्रारंभ कर सकता है, लेकिन इस बारे में निर्णय लेने को मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे।

## केंद्र सरकार को भेजा जायेगा आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए राहत पैकेज देने का प्रस्ताव

### सभी मंत्री एक माह का वेतन देंगे विशेषज्ञ समिति तैयार करेगी फाइनल रिपोर्ट

देहरादून। सरकार ने निर्णय लिया कि जोशीमठ के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए राहत पैकेज का प्रस्ताव सप्ताहभर के भीतर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इससे पहले जिला स्तरीय समिति के माध्यम से भवनों को पहुंची क्षति का आकलन कराया जाएगा। केंद्र से राहत पैकेज के रूप में धनराशि प्राप्त होने तक सरकार अपने संसाधनों से अल्पकालिक व मध्यकालिक कार्यों के लिए धनराशि खर्च करेगी। बाद में इसका समायोजन राहत पैकेज में किया जाएगा। कैबिनेट ने यह भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि आपदा प्रभावित जिन परिवारों की आजीविका का साधन छिन गया है, उनके दो वयस्क सदस्यों को मनरेगा में निर्धारित मजदूरी की दर के अनुसार राहत राशि दी जाएगी। इस तरह का निर्णय पहली बार लिया गया है। यह व्यवस्था राहत शिविरों में रहने वाले ऐसे परिवारों के लिए होगी। कैबिनेट ने



जोशीमठ के उन आपदा प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत दी है, जिन्होंने बैंक समेत अन्य वित्तीय संस्थाओं से ऋण लिया है। इनके ऋणों की वसूली एक साल तक स्थगित करने के निर्देश दिए गए हैं। सहकारी बैंक तत्काल प्रभाव से यह वसूली स्थगित करेंगे, जबकि राष्ट्रीयकृत व अन्य बैंकों के स्तर से वसूली स्थगित करने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया जाएगा। धामी मंत्रिमंडल के सभी मंत्री अपने एक माह का वेतन जोशीमठ के आपदा प्रभावितों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने यह प्रस्ताव रखा, जिसका सभी मंत्रियों ने समर्थन किया। जोशीमठ में जांच कार्य में जुटी एनजीआरआइ, जीएसआइ, सीबीआरआइ, एनआइएच, वाडिया संस्थान समेत अन्य संस्थाओं को जल्द रिपोर्ट देने को कहा गया है। कैबिनेट ने निर्णय लिया गया सभी संस्थाओं से रिपोर्ट मिलने के बाद विशेषज्ञ समिति गठित की जाएगी, जो फाइनल रिपोर्ट तैयार करेगी। फिर इसके आधार पर एक्शन प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जाएगा। जोशीमठ जैसी स्थिति अन्य शहरों में न आए, इसे देखते हुए कैबिनेट ने पहाड़ के सभी शहरों की धारण क्षमता का आकलन कराने का निर्णय लिया है। प्रथम चरण में जिला मुख्यालय और द्वितीय चरण में ब्लाक मुख्यालय, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत वाले शहर शामिल होंगे।

## व्यापार मण्डल पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

शक्तिफार्म /सिसौना(उद संवाददाता)।सिसौना के प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह मैं बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा एवं व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शपथ ग्रहण समारोह में अतिथियों के माल्यार्पण के साथ साथ स्मृति चिन्ह भी दिए गए। इस वंदना के पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि हम सदैव व्यापारियों के साथ खड़े हैं, हमेशा व्यापारियों के हित के लिए कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि व्यापार मंडल की पूरे प्रदेश में 384 इकाइयां हैं, लगभग सभी इकाइयों में चुनाव प्रक्रिया द्वारा चुनाव करा दिए गए हैं। नवनियुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष मलकीत सिंह, महामंत्री जोगा सिंह एवं कोषाध्यक्ष शोभित बिष्ट ने विश्वास दिलाया कि वह हमेशा व्यापारी हितों में कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन सितारगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री निर्मल सिंह हंसपाल, जिला कोषाध्यक्ष विनीत जैन, जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह गाबा, मुख्य चुनाव अधिकारी मूलचंद अग्रवाल, सहायक चुनाव अधिकारी रमेश चंद्र आर्य, हरेंद्र सिंह, सुरेश जैन, पंकज गहतोड़ी, संजय गोयल, सुखदेव सिंह,रविन्द्र अग्रवाल, सुमित मण्डल, भीमसेन गर्ग, उमेश अग्रवाल, मोहन जोशी, मुकेश आदि मौजुद थे।



## किंग्स एलेवेन ने जीता प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्ति फार्म में आयोजित सितारगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मैच मे किंग्स एलेवेन (पी) ने कल्याणपुर को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि शक्ति फार्म पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी एवं सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म के खेल मैदान मे शुक्रवार को टूर्नामेंट का फाइनल मैच किंग्स एलेवेन (पी ) एवं कल्याणपुर के बीच खेला गया। किंग्स इलेवन ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। कल्याणपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.2 ओवर मे अपने सभी 10 विकेट खोकर 106 रन बनाया। कल्याणपुर का चौथा विकेट 106 रन पर गिरा ।जिसके बाद बिना किसी रन के बाकी के 6 विकेट एक एक करके गिर गए। किंग्स इलेवन ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 110 रन बनाकर एक विकेट से जीतकर ट्रॉफी अपने नाम किया। फाइनल मैच के आखिरी गेंद तक मैच बेहद रोमांचक रहा। किंग्स इलेवन को जीत के लिए आखरी बॉल में 1 रन की आवश्यकता थी। किंग्स इलेवन के बल्लेबाज अरुण कुमार ने आखिरी गेंद में चौका लगाकर टीम को 1 विकेट से जीत दिलाया। विक्रम सिंह को मैन ऑफ द मैच ,रोहित भट्ट को मैन ऑफ द सीरीज एवं सूरज फर्त्याल को बेस्ट बॉलर का ट्रॉफी दिया गया। मैच में पंकज राय एवं जयंत मंडल कॉमेंटेटर एवं तुषार विश्वास स्कोरर रहे। इस अवसर पर खेल कमेटी अध्यक्ष विश्वजीत हालदार, सचिव विक्रम सिंह भंडारी ,कोषाध्यक्ष निरंजन हीरा, बंकिम राय, अमित विश्वास, मिथुन मंडल, सुमित मंडल,राजा हालदरआदि मौजूद थे।



## श्री हरिधाम मंदिर का वार्षिकोत्सव प्रारंभ

### चुघ व छाबड़ा परिवार ने कराई पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज के महंत मनीष सलूजा जी के सानिध्य में श्री हरिधाम मन्दिर का भव्य बारहवां वार्षिकोत्सव 08 जनवरी से 16 जनवरी तक बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है। 8 जनवरी से आरम्भ श्री मद भागवत् कथा में गत दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भूषण सोनू चुघ सपरिवार एवं महेश छाबड़ा व गुलशन छाबड़ा ने सपरिवार विधिविधान से पूजा करायी। सहारनपुर से आए कथा वाचक श्री आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज जी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। श्री मद भागवत् कथा में रूपमणी मंगल जी की कथा में भक्तिरस में खोकर सभी भक्तों ने नत्य किया। मन्दिर कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि आगामी 14, 15 व 16 जनवरी को होने वाले वार्षिकोउत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। आज 14 जनवरी श्री सुदामा चरित्र के साथ सम्पन्न की जाएगी। आज प्रात: श्री बाला जी महाराज का दिव्य स्वर्ण श्रिंगार किया गया। तत्पश्चात अखण्ड श्री रामचरित मानस जी के पाठ का शुभारम्भ था रुद्राभिषेक किया गया। रात्रि 8 बजे से भव्य श्री बाला जी दरबार होगा जिसमें सुप्रसिद्ध गायक कलाकार नरेश सैनी एवं सन्नी चड्ढा द्वारा भक्तों को भजनो की भक्ति से निहार किया जाएगा। कल 15 जनवरी दिन रविवार सुबह 7 बजे श्री अखण्ड रामचरित्रमानस पाठ पारायण सुबह 09 बजे चालीसा यज्ञ प्रारम्भ होगा। 10 बजे श्री विग्रह स्थापना 12 बजे श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 2 बजे महिला संकीर्तन एवं रात्रि 08 बजे भजन संध्या एक शाम बाँके बिहारी के नाम भजन गायक मास्टर बाबी एवं सुप्रसिद्ध रसिक गोपी शर्मा द्वारा की जाएगी। 16 जनवरी दिन रविवार को प्रात: 9 बजे हरि संकीर्तन प्रात: 11 बजे सन्त समागम एवं दोपहर 1 बजे विशाल सवामनी भण्डारा एवं छप्पन भोग वितरण किया जाएगा। इसी के साथ श्री हरिधाम मंदिर श्री मेहंदीपुर बाला जी महाराज धाम का बारहवां वर्षिकोउत्सव संपन्न होगा। सेवा में मन्दिर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सलुजा, भारत भूषण सोनू चुघ, महेश छाबड़ा, विजय कक्के, कृष्ण मिगलानी, सागर कालरा, दीपक कटारिया, विजय कक्कड़, अमित शर्मा, कमल कक्के, विवेक शर्मा, राज कुमार जांगडा, रवि कक्कड़, मनोज चावला, अजय कुमार, साहिल आनन्द, चिरंजीव पाण्डेय, अन्नू छाबड़ा, राजेश भट्ट, मनीष श्रीवास्तव, अमित रहेजा, रिंकु लाम्बा, अनिल, भोला आनन्द, विशाल कोहली, मोनू वर्मा, विमल वर्मा, राज कुमार भुड्डी आदि भक्त अपना सहयोग कर रहे हैं।



## श्री हरिधाम मंदिर में विशाल श्री बालाजी दरबार आज शाम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज के महंत मनीष सलूजा के सानिध्य में श्री हरिधाम मन्दिर का भव्य बारहवां वार्षिकोत्सव 8 जनवरी से मनाया जा रहा है। वार्षिकोत्सव में आज रात श्री बाला जी महाराज काँ विशाल सुन्दर दरबार सजाया जाएगा। वार्षिकोत्सव में बीती शाम भी भागवत कथा में सहारनपुर से आए कथा वाचक श्री आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज ने कथा प्रवचन किया। श्री मद भागवत् कथा में शुक्रवार को रूपमणी मंगल जी की कथा रसपान हुआ। श्रीमद भागवत् कथा में महन्त मनीष सलुजा एवं श्री आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी द्वारा मन्दिर के मीडिया प्रभारी अजय कुमार का जन्मदिन भी मनाया गया। इस दौरान बताया गया कि वार्षिकोत्सव में शनिवार रात्रि 8 बजे से भव्य श्री बाला जी दरबार होगा जिसमें सुप्रसिद्ध गायक कलाकार नरेश सैनी एवं सन्नी चड्ढा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। 15 जनवरी सुबह 7 बजे श्री अखण्ड रामचरित्रमानस पाठ पारायण सुबह 9 बजे चालीसा यज्ञ प्रारम्भ होगा 10 बजे श्री विग्रह स्थापना 12 बजे श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा दोपहर 2 बजे महिला संकीर्तन एवं रात्रि 8 बजे भजन संध्या एक शाम बाँके बिहारी के नाम होगी। 16 जनवरी दिन रविवार को प्रात:09 बजे हरि संकीर्तन प्रात: 11 बजे सन्त समागम एवं दोपहर 01 बजे विशाल सवामनी भण्डारा एवं छप्पन भोग वितरण किया जाएगा। इसी के साथ श्री हरिधाम मंदिर श्री मेहंदीपुर बाला जी महाराज धाम का बारहवां वर्षिकोउत्सव संपन्न होगा ।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खुदरा महंगाई की मुश्किलें

यह जगजाहिर है कि पिछले करीब ढाई–तीन साल के दौरान आम लोगों के लिए महंगाई कैसी समस्या बन चुकी है। आय के मुकाबले बाजार में न केवल आम उपयोग की वस्तुएं बल्कि जीवन के लिए जरूरी चीजों की कीमतें भी जिस स्तर पर बनी हुई थीं, उससे लोगों की परेशानी बढ़ी। हालांकि इस बीच सरकार ने लगातार ऐसे प्रयास किए, जिससे जरूरत की वस्तुओं के मूल्य कुछ स्थिर हो सकें। लेकिन बाजार की अपनी गति रही और महंगाई की चुनौती बनी रही। काफी समय बाद अब इस मोर्चे पर साधारण लोगों के लिए यह राहत की खबर है कि खुदरा महंगाई दर पिछले एक साल में सबसे नीचे पहुंच गई है। दरअसल बीते साल नवंबर के मुकाबले दिसंबर में खुदरा महंगाई दर में आई कमी ने एक बार फिर यह उम्मीद पैदा की है कि अगर यह स्थिति बनी रहती है तो देश की अर्थव्यवस्था धीरे–धीरे पटरी पर आ जाएगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर जहां 5.88 फीसद थी, वह दिसंबर में यह 5.72 फीसद दर्ज की गई। हो सकता है कि आंकड़ों के लिहाज से इसे कोई बड़ा फेरबदल नहीं माना जाए, लेकिन कई बार बाजार में जरूरी चीजों की कीमतों में आई कुछ कमी साधारण लोगों के लिए किसी उम्मीद कम नहीं होती। बाजार में जरूरी चीजों के खुदरा मूल्यों में आई गिरावट को जहां देश में एक बड़ी समस्या से राहत के रूप में देखा जा रहा है, वहीं इसकी अहमियत इस रूप में भी दर्ज की जा रही है कि जिस दौर में समूची दुनिया महंगाई से उपजी समस्याओं का सामना कर रही है, वैसे में भारत ने इस मोर्चे पर उभरी मुश्किलों को कुछ कम करने में कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि खुले बाजार में खुदरा महंगाई दर के आकलन के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को आधार बनाया जाता है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सेवाओं के इस्तेमाल को कसौटी माना जाता है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लिए चार सौ अड़तालीस और शहरी क्षेत्रों के लिए चार सौ साठ वस्तुओं और सेवाओं को शामिल किया गया है। खुले बाजार में ऐसी तमाम वस्तुएं होती हैं, जिनकी कीमतों तक लोगों की पहुंच उसकी खरीदारी को तय करती है। लेकिन मुख्य रूप से रोजमर्रा की जरूरी और खासतौर पर खाने–पीने की चीजों के दाम से महंगाई की तीव्रता दर्ज की जाती है। यह छिपा नहीं है कि पिछले काफी समय से सब्जियों के ऊंचे दाम ने लोगों की थाली को कुछ हद तक खाली रखना शुरू कर दिया था। अब इस मौसम में सब्जियों के साथ–साथ कुछ अन्य खाद्यान्नों की कीमत कम होने से महंगाई की चुनौती कमजोर पड़ती दिख रही है। दरअसल खरीफ फसलों की कटाई नवंबर तक पूरी हो जाती है और उनके बाजार में आने से इस मामले में मदद मिलती है। यों सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई को दो फीसद के उतार–चढ़ाव के साथ चार फीसद पर बनाए रखने का लक्ष्य दिया हुआ है। लेकिन जरूरी वस्तुओं की कीमतें लोगों को तब सताने लगती हैं जब कम या ठहरी हुई आय की वजह से उनकी क्रयशक्ति कम हो जाती है। सभी जानते हैं कि कोरोना महामारी के दौर में पूर्णबंदी से लेकर कई मोर्चों पर कैसे विपरीत हालात पैदा हुए थे। अब राहत की बात है कि महामारी के काबू में आने के साथ–साथ अमूमन सभी क्षेत्र सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर सुधार के दौर में महंगाई से राहत मिलेगी और आम लोगों की आमदनी की तस्वीर भी सुधरेगी।

# मकर सक्रांति का हिंदू धर्म में है विशेष महत्व

पौष मास शीत ऋतु में भगवान भास्कर सूर्य उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। ज्योतिष अनुसार सूर्य जब शनि से मिलने जाते है तथा पिता पुत्र के मतभेद को दूर करने के लिए इस



दिन शनि की राशि मकर में प्रवेश करते है तो इस संक्रांति को मकर संक्राति के रूप में मे मनाया जाता है।इससे मानव प्रगति की ओर अग्रसर होता है। सूर्य के उत्तरायण की स्थिति मकर संक्रांति से ही शुरू होती है। इसलिए मकर संक्रांति के पर्व को मनाने और इस दिन स्नान, दान, सूर्य अर्घ्य आदि का प्रावधान तय किया गया और इसे प्रगति व ओजस्विता का पर्व माना जाता है। इसे स्नान और दान का पर्व भी कहा जाता है। इस दिन तीर्थों एवं पवित्र नदियों में स्नान का बेहद महत्व है साथ ही तिल, गुड़, खिचड़ी, फल एवं राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसा भी माना जाता है कि इस दिन किए गए दान से सूर्य प्रसन्न होते है। ज्योतिष शास्त्र में गोचर का बहुत ही बड़ा महत्व है। नवग्रहों का गोचर जातक के फलित में अहम् भूमिका रखता है। वहीं ग्रह–गोचर के आधार पर कई मुहूर्त व ज्योतिषीय गणनाओं का निर्धारण भी होता है। ज्योतिष शास्त्र में नवग्रहों में सूर्य को राजा माना गया है। सूर्य का गोचर कई ज्योतिषीय गणनाओं व मुहूर्त का निर्धारण करता है। सूर्य के गोचर को संक्रान्ति कहा जाता है इसलिए संक्रान्ति प्रतिमाह आती है क्योंकि सूर्य का गोचर प्रतिमाह होता है। इसी प्रकार जब सूर्य मकर राशि में गोचर करते हैं तब इसे मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है। मकर संक्रान्ति सभी सनातन धर्मावलम्बियों के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण पर्व है इस दिन नवग्रहों के राजा सूर्य अपनी राशि परिवर्तन कर धनु से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन स्नानादि के बाद भगवान विष्णु का पूजन, भगवान भास्कर का जप, श्री सूक्त का पाठ, तिल घृतादि सहित होम तर्पण ब्राह्मण भोजन एवं अनाज, वस्त्र,फल गुड़ तिल सहित खिचड़ी आदि के दान का विशेष महत्व है। जिस प्रकार पृथ्वी अपनी धुरी पर 23.5 अंश झुकी है जिस कारण सूर्य छः माह पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध के निकट होता है और छः माह दक्षिणी गोलार्द्ध के निकट होता है। मकर संक्रांति से सूर्य उत्तर दिशा यानी मिथुन राशि की ओर गमन करता है, जिसे उत्तरायण भी कहते हैं। उत्तरायण के शुरू होते ही ठंड का प्रभाव कम होने लगता है। उत्तरायण को ग्रीष्म संक्रांति कहा जाता है। यह लंबे दिनों और छोटी रातों द्वारा चिह्नित है।इसमें बसंत, सर्दी और गर्मी के मौसम शामिल हैं। उत्तराखंड में मकरसंकरण पर घुघुतिया बनाए जाते है तथा काले कोवो तथा घुघुतिया को खिलाए है जो घुघुतिया राजा के विपरीत ग्रह दशा को ठीक करने को लेकर सुरु हुआ लोकपर्व है ।इस दिन बची के लिए घुघुतिया की माला बनाते है तथा अगली सुबह काले कव्वा काले घुघुठा बड़ा खाले ।ले कावा ढाल मैकू दी जा सोने की थाल आवाज लगाते है । उत्तराखंड में इसके अन्य नाम मकरैण, उत्तरैण, घोल्डा, घ्वौला, चुन्यात्यार, खिचड़ी संक्रांति, खिचड़ी संगरादि भी कहते है। इस दिन पतंग भी उड़ाते है। जैसे मकर संक्रांति पर मकर राशि में सूर्य का तेज बढता है, उसी तरह आपके स्वास्थ्य और समृद्धि की हम कामना करते हैं।

## कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)।क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने कच्ची शराब के तस्कर को दबोच कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 17 लीटर जहरीली शराब बरामद किया। पूछताछ के बाद पकड़े गए तस्कर का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मोहल्ला विजयनगर स्थित सीतापुर आई हॉस्पिटल के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए मोहल्ला विजय नगर नई बस्ती निवासी प्रमोद सिंह राणा पुत्र हीरा सिंह राणा को हिरासत में लेकर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 17 लीटर जहरीली शराब बरामद किया। कोतवाली लाकर पकड़े गए जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया था।

## होटल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

काशीपुर( उद संवाददाता)। कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर स्थित एक होटल के बाहर से घात लगाए चोरों ने मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस में तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिकी दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला डॉक्टर लाइन निवासी आकाश पुत्र संजीव कुमार ने बताया कि बीते 6 जनवरी को 6:15 बजे के लगभग महाराणा प्रताप चौक के समीप स्थित जगत होटल के पास से उसकी काली रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 एवं/9578 घात लगाए चोरों ने उड़ा दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है।

## मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया

काशीपुर( उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन के सभागार में लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया अधिवक्ताओं ने रेवड़ी मूंगफली आपस में बांटकर अग्नि प्रज्वलित कर उसकी परिक्रमा कर एवं खिचड़ी प्रसाद बांटकर लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व मनाया। अधिवक्ताओं ने पंजाबी गीत एवं कुमाऊनी व गढ़वाली शैली के गीत गाकर सभागार में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व पर धार्मिक भावनाओं का उद्घोष किया। पर्व समारोह में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि पर्व भारतीय संस्कृति को उजागर करते हैं और विश्व को मानव एकता का संदेश देते हैं ।गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभागार में रोशनी की गई । इस मौके पर प्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र मिश्रा, आय व्यय निरीक्षक भास्कर त्यागी, रहमत अली खान एवं कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कंबोज ,अनूप बिश्नोई, अमन राणा, गौरव राजपूत, विशाल सक्सेना ,सोनल सिंघल, राजीव कुमार ,धर्मेंद्र सैनी सहित आनंद स्वरूप रस्तोगी, धर्मेंद्र तुली, राम कुमर चौहान ,सरदार कश्मीर सिंह ,अब्दुल सलीम आदि अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

## सक्रांति पर गुरूद्वारा में शबद कीर्तन आयोजित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में सक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर कथावाचक ज्ञानी दर्शन सिंह ने माघ मास की विशेषता पर प्रकाश डाला व रागी भाई गुरूमीत सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके पश्चात लंगर का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सरपरस्त इन्द्रजीत सिंह, गुरूमीत सिंह गिल्होत्रा, मंगत सिंह खुराना, नरेश कुमार सेठ, बलवीर सिंह कामरा, किशन खुराना, जसविंदर सिंह सिक्का, हरवीर सिंह, राजेन्द्र जल्होत्रा, निर्मल सिंह, मोगा साहब, रविन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा विषयक कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ0 गुरदेव सिंह ने बताया कि 33वें सड़क सुरक्षा सप्ताह–2023 के दृष्टिगत दिनॉक 12 जनवरी, 2023 को



रानीखेत/सोमेश्वर टैक्सी स्टैण्ड में वाहन चालकों के साथ सड़क सुरक्षा विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा सड़क सुरक्षा विषयक शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर परिवहन अधिकारियों द्वारा चालक/परिचालक को आवेर स्पीड़िंग व ओवरलोडिंग न करने, वाहन संचालन के दौरान मोबाईल का प्रयोग न करने, नशे के सेवन कर वाहन संचालित न करने आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त दु–पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चौ–पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की जानकारी के साथ–साथ यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित यातायात चिन्हों व नियमों विषयक सामग्री भी वितरित की गयी। वाहन चालक एवं आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा वाहनों में डस्टबिन रखने तथा दुर्घटना में प्रभावितों की मदद करने का अनुरोध किया गया। इस कार्यशाला में परिवहन कर अधिकारी अखिलेश चौहान, पवन कुमार, प्रवर्तन पर्यवेक्षक चन्दन सुप्याल, कैलाश जोशी, प्रवर्तन सिपाही मनदीप देव, प्रर्वतन चालक महेन्द्र प्रसाद, विपिन बिनवाल, टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी शंकर ठाकुर, इन्द्र सिंह अनिल राण एवं वाहन चालक तथा आमजन उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गौतम

काशीपुर( उद संवाददाता)। उत्तरकाशी जिले के एक ब्लाक में मंदिर में अनुसूचित जाति के युवक के प्रवेश करने पर स्वर्ण जाति के लोगों द्वारा जलती लकड़ी से रात भर पीटे



जाने की दुस्साहसिक वारदात की घोर भर्त्सना करते हुए कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष जय सिंह गौतम ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस जघन्य अपराध का संज्ञान लेकर तत्काल गिरफ्तारी के आदेश पुलिस को दिये जाने चाहिए। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जय सिंह गौतम ने कहा कि उत्तरकाशी जिला अंतर्गत बैनोल गांव निवासी आयुष पुत्र अंतरलाल बीती नौ जनवरी की शाम गांव के कौवल मंदिर में दर्शन के लिए गया था। तभी मंदिर में मौजूद कुछ लोगों ने अचानक उस पर हमला किया और फिर उसे मंदिर में ही बांध दिया गया। इस दौरान गांव के पांच सवर्णों ने जलती लकड़ी व अंगारों से उसे रातभर पीटा जिससे वह बेहोश हो गया। अगली सुबह होश आया तो उसके शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। आयुष के मुताबिक, सवर्णों ने उसे मंदिर में प्रवेश करने पर पीटा। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि आयुष की तहरीर परमोरी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जोकि नाकाफी है। जय सिंह गौतम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस जघन्य अपराध का संज्ञान लेकर तत्काल गिरफ्तारी के आदेश पुलिस को दिये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में अनुसूचित जाति के किसी भी व्यक्ति पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Radha Rani Chauhan (पुराना नाम)से बदलकर Rani Singh (नया नाम)कर लिया है। भविष्य मुझे Rani Singh W/o Pramod Kumar Singh के नाम से जाना जाए। निवासी – I/308 फूलबाग सेंटर, पंतनगर, उधम सिंह नगर


# पेपर लीक प्रकरणों की हो सीबीआई जांच: कर्नाटक

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। प्रैस को जारी बयान में उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि उत्तराखंड में पेपर लीक के नाम पर लाखों युवाओं के साथ भद्दा मजाक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक प्रकरण प्रदेश सरकार की जीरो टालरेंस नीति पर एक करारा तमाचा भी है।अब इन पेपर लीक प्रकरणों को रोकने/ऐसा दुस्साहस करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों और अपराधियों पर लगाम लगाने का एकमात्र उपाय है कि अभी तक लीक हुए सारे पेपरों की सीबीआई जांच कराई जाए।उन्होंने कहा कि जहां एक ओर इन प्रकरणों से हमारा युवा अवसाद में जा रहा है वहीं दूसरी ओर इन परीक्षाओं को कराने में सरकार का करोड़ों रूपया बर्बाद हो रहा है जो कर्ज के बोझ तले उत्तराखंड राज्य के लिए अच्छा नहीं है। श्री कर्नाटकनेकहा किपहले यूकेएसएसएससी और उसके बाद पटवारी/लेखपाल की परीक्षाओं का पेपर लीक होना स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश सरकार इन नकल माफियाओंपर अंकुश लगाने में फेल साबित हो रही है। कर्नाटक ने कहा कि आज प्रदेश सरकार की नाकामी के चलते युवा इन नकल माफियाओं के हाथ की कठपुतली बनकर रह चुके हैं जो प्रदेश सरकार के लिए काफी शर्मनाक है।

## डीएम ने ली जागेश्वर मंदिर समिति की बैठक

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में जागेश्वर मंदिर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न प्रकरणों पर चर्चा की गई तथा जिलाधिकारी ने इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रबंधक को कहा कि मंदिर समिति के कार्यालय में लेखा जोखा, प्रपत्रों का रिकॉर्ड रखने तथा आय व्यय को का विवरण रखने हेतु एक लेखाकार की तैनाती हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि मंदिर प्रबंधन समिति के सभी प्रपत्रों का सही ढंग से रख रखाव भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रबंधक को निर्देश दिए कि मंदिर में होने वाले विभिन्न अनुष्ठानों के लिए पुजारियों की उपस्थिति को नियमित करें। मंदिर परिसर एवं आस पास के क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से कूड़ा फैंकने वालों एवं क्षेत्र में खुले में शौच करने वालों पर चालानी कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर परिसर में सभी गतिविधियों पर नजर रखने हेतु सीसीटीवी कैमरा भी लगाए जाएं। इस दौरान उन्होंने जागेश्वर धर्मशाला के संचालन को लेकर भी निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला मार्ग की मरम्मत हेतु ब्लॉक से आपदा में आगणन बनाए जाने हेतु निर्देशित किया । जिलाधिकारी ने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि क्षेत्र में अवैध निर्माण न होने पाए। बैठक में उपजिलाधिकारी जैंती/भनोली गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने आपदा मोचन निधि से वन विभाग को दिए ढाई लाख

बागेश्वर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में भालू द्वारा व्यक्तियों को घायल किए जाने की घटनाएं प्रकाश में आने पर चिंता जताई है। भविष्य में घटनाओं को न्यून किये जाने के लिए भालू स्प्रे क्रय किये जाने हेतु राज्य आपदा मोचन निधि मद के अंतर्गत तैयारी व क्षमता निर्माण के लिए ढाई लाख रुपये की राशि प्रभागीय वन प्रभाग को आवंटित की है। उन्होंने कहा स्वीकृत धनराशि का उपयोग/व्यय उत्तराखंड अधिप्राप्ति (प्रॉक्यूरमेन्ट) नियमावली में निर्गत मानकों एवं दिशा–निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य रूप सुनिश्चित करना होगा, स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी कार्य हेतु किया जाएगा, जिस प्रयोजन हेतु धनराशि स्वीकृत की गई है। धनराशि का प्रयोग अन्य कार्य में किए जाने पर प्रभागीय वनाधिकारी, पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहेंगे, तथा क्रय की गई सामग्री की सूची सत्यापित कर व स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 25 मार्च से पूर्व उपयेगिता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से आपदा प्रबन्धन कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सामग्री प्रस्तावनुसार संबंधित गांव, तोक के ग्राम प्रधान व वन पंचायतों में वन पंचायत सरपंच के नियंत्रण में ही रखा जाएगी।

# ग्राम जयनगर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)।ग्राम जयनगर नंबर.3 में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर की टीम–बी द्वारा ग्राम वासियों हेतु एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लगभग 95 लोगों ने लाभ उठाया। ग्रामवासियों को शीतकाल में होने वाली बीमारियों हेतु जागरूक किया तथा वीएचएनडी कैंप का आयोजन कर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया एवं ग्राम वासियों को नियमित टीकाकरण हेतु जागरूक किया गया एवं



टीकाकरण के महत्व के बारे में प्रकाश डाला गया। शिविर में जनसामान्य में होने वाली बीमारियों हेतु उपचार किया गया एवं निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। टीम में डॉ विकास सचान,डॉ रेखा, केएन जोशी फार्मासिस्ट, एएनएम शालिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती माधवी एवं आशा बिंदा देवी, कमला शिवराज, राजकमल राम कैलाश उमा उपस्थित रही। टीम प्रभारी डॉक्टर विकास सचान द्वारा बताया गया कि आरबीएसके टीमों द्वारा जनपद में प्रतिदिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# युंकाइयो ने प्रदर्शन कर मांगा मुख्यमंत्री से इस्तीफा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।पटवारी भर्ती पेपर लीक होने से प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुये मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल व युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा राज्य सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार इस्तीफा देना चाहियें। युवा जिला अध्यक्ष हर्षित भट्ट, विधान सभा अध्यक्ष मोकिन सैफी व प्रदेश महासचिव आसिफ अली ने कहा युवा वर्ग कही से कर्ज लेकर महीनों सालों से तैयारी करता है। परीक्षा केंद्र पर पहुंच लगन से पेपर देता है और फिर खबर आती है पेपर लीक हो गया है। और नौकरी भाजपा सरकार बैकडोर से चहेतो को दे देती है।इस मौके पर राजू रावत, प्रदेश महासचिव राधा आर्या,आसिफ अली, सालिम सिद्दिकी, शाहनवाज मलिक, खलील वारसी, जावेद मलिक, हाजी नाजिम, बिलाल, रिजवान अंसारी, मनीष चौहान, सचिन राठौर, नंदनी खत्री, दीपा खत्री , सन्दीप भैसोड़ा, प्रवीण भट्ट, शंकर कोहली, मयंक गोस्वामी, आयुष नागर आदि थे।



# एनसीसी कैडेटों ने सीखे फायरिंग के गुर

बागेश्वर (उद संवाददाता)। ठंड के मौसम में एनसीसी कैडेट सेना के पराक्रम और हौसले के गुर सीख रहे हैं। 81 यूके बटालियन एनसीसी कैडेटों ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में फायरिंग के गुर सीखे। फारिंग रेंज बिलौना में एडम ऑफिसर ले. कर्नल रवींद्र सिंह भंडारी के निर्देशन में फायरिंग कराई गई। कैंप के समर पर बेस्ट फायरर को पुरस्कृत किया जाएगा।उन्होंने कैडेटों को सेना के जज्बे, पराक्रम, वीरता और लक्ष्य केंद्रित आधार पर लक्ष्य भेदने और दुश्मनों से लोहा लेने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी।उन्होंने कैडेटों को जोश और हिम्मत से लक्ष्य भेदने के गुणों की जानकारी दी। सेवायोजन विभाग के प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह टंगड़िया ने अपने विभाग में पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के बाद विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के बारे में बताया। शिविर के दौरान चारों कंपनी में विभक्त कैडेटों की क्विज, वाद–विवाद,रस्साकसी प्रतियोगिता कराई गई। विजेताओं पुरस्कृत किया जाएगा। कमान अधिकारी कर्नल वीके उप्रेती ने कैडटों को एनसी के इतिहास की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्हें बी तथा सी पात्रता प्रमाण पत्र की तैयारी भी कराई जा रही है। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी मेजर दीप चंद्र जोशी, एस कालाकोटी, दिगपाल संह मेहरा, विक्रम सिंह, रॉबिन सिंह आदि मौजूद थे।



# स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों का हुआ परीक्षण

सितारगंज (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्राम विडौरी, नानकमत्ता में ग्राम स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित 150 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित औषधियाँ वितरित गयी। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाषा पाण्डे ने बताया कि शीत लहर को दृष्टिगत रखते बलाक सितागंज में आर. बी. एस. के. की तीन टीमें प्रतिदिन हुए ग्रामों में चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रोगीयों का उपचार कर लोगों को स्वास्थ सम्बन्धी जानकारी प्रदान कर रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद इरफान द्वारा शिशुओं में होने वाले रोगों से- बोल्ड फ्लू, निमोनिया, विन्टर डायरिया की जानकारी अभिभावकों को प्रदान की गयी एवं



ओके पर उपस्थित नवजात शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित औषधियाँ प्रदान की गयी। फार्मासिस्ट खड़क सिंह खत्री ने बताया कि ब्लाक सितारगंज में आर. टी. एस. के. की तीन टीमों द्वारा ब्लाक के 345 आँगनबाड़ी केन्द्रों में वर्ष में दो बार पंजीकृत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं सरकारी स्कूलों में वर्ष में एक बार स्वास्थ्य परीक्षण अनिवाद रूप से किया जाता है। स्वास्थ कैम्प के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की ब्लाक काउंसलर अनीता राणा द्वारा किशोर–किशोरी बालिकाओं को एनीमिया एवं किशोर स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की। ग्राम स्वास्थ्य कैम्प में डॉ. मोहम्मद इरफान, डॉ. चित्रापाण्डे ग्राम प्रधान भास्कर सम्बल, सी०एच०ओ० स्वीटी मेहरा, ए० एन. एम. लक्ष्मी राणा, आर०के० एस० के० काउन्सलर मनीता राणा, आशा फैसिलेटर सुधा राणा, फार्मासिस्ट खडक सिंहखत्री, आशा कार्यकर्ती कमला राणा आदि उपस्थित थे।

# भर्ती घोटालों को रोकने में नाकाम हो रहे मुख्यमंत्री धामी : पाण्डेय

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य में निरंतर हो रहे भर्ती घोटाले को रोक पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं इसलिए मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा उत्तराखंड लोक सेवा आयोग का अति गोपन का अनुभाग अधिकारी जब खुद पटवारी भर्ती पेपर लीक मामले का मुख्य सूत्रधार है तो फिर किसी भी भर्ती परीक्षा में शुचिता की उम्मीद करना व्यर्थ है। इस प्रकरण से आयोग के अध्यक्ष, सचिव व पूरे आयोग की विश्वसनीयता ही संदेह के घेरे में आ गई है। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी ही नहीं बल्कि पूरे लोक सेवा आयोग की जाँच होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि घोटाले से लेकर पटवारी पेपर लीक मामले को अंजाम देना बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव ही नहीं है, इसलिए राजनीतिक संरक्षण देने वालों देने का खुलासा किए बिना भर्ती घोटालों पर लगाम लगाना संभव नहीं है।


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राजकुमार (Rajkumar) से बदलकर राज कुमार श्रीधर (Raj Kumar Shridhar) कर लिया है। भविष्य मुझे राज कुमार श्रीधर पुत्र श्री आसू राम (Raj Kumar Shridhar S/o Asu Ram) के नाम से जाना जाए।

राजकुमार श्रीधर पुत्र श्री आसू राम,निवासी -87,वार्ड नं0-1,डी0डी0 इलाका,आदर्श बस्ती, रूद्रपुर,उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


# श्री बालाजी धाम में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर मार्ग स्थित एमेनिटी स्कूल के पीछे श्री बालाजी धाम में श्री हरनाम गुरु जी के सानिध्य में लोहड़ी का पर्व लोहड़ी प्रतीत करके बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्री हरनाम गुरु जी ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह त्यौहार हमारी धार्मिक आस्थाओं को मान्यताओं को बढ़ावा देते हैं और हमें जीवन में कुछ सीखने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा त्यौहारों को हमेशा पूरी विधि विधान से मनाना चाहिए। उन्होंने सभी के जीवन की खुशहाली की कामना की। श्री चुघ ने कहा कि लोहड़ी पर्व मुख्य रूप से पंजाबी समाज द्वारा मनाया जाता है। लेकिन अब समय परिवर्तन के साथ सभी लोग पंजाबी समाज के साथ मिलकर यह त्यौहार मानने लगे हैं। जिससे आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी प्रज्वलित करने के बाद सर्वप्रथम बुजुर्गो द्वारा अग्नि में फुल्ले, मूंगफली, तिल, रेवड़ी आदि अर्पित कर सभी की खुशहाली की कामना करते हैं। लोहड़ी की लोगों द्वारा परिक्रमा कर बुजुर्ग जनों से आर्शीवाद लिया जाता है। साथ ही सभी को प्रसाद वितरित किया जाता है। श्री चुघ ने कहा कि आज यह त्यौहार विश्व के कई देशों में मनाया जाता है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ लोहड़ी गीत गाकर नृत्य भी किया। इस मौके पर कैलाश राजपूत, योगेश उपाध्याय, आशु नागपाल, राजेंद्र श्रीधर, प्रवीण सूरी चित्रा राजपूत सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने दी उत्तरायणी पर्व की शुभकामनाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने प्रदेशवासियों को गढ़वाल में उत्तरायणी व कुमायूं में घुघुतिया के स्वरूप में मनाए जाने वाले पवित्र मकर सक्रांति पर्व की बधाई दी है। साथ ही लोहड़ी पर्व की भी



प्रदेशवासियों को बधाई दी है।श्री भट्ट ने उत्तरायणी और लोहड़ी के इस पावन पर्व पर अपने शुभकामना संदेश में उत्तरायण सूर्यदेव से कामना करते हुए उन्होंने कहा कि सनातनी संस्कृति का यह पावन त्यौहार सबके जीवन में आरोग्य, सुख और समृद्धि लेकर आए। प्रकृति के पूजन से जुड़ा यह उत्सव हम सब लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करें। श्री भट्ट ने घुघुतिया त्योहार के बधाई देते हुए कहा कि बच्चे बुजुर्गों और महिलाओं को हर्षोल्लासित करने वाले इस पर्व का विशेष महत्व है। कुमाऊं के बागेश्वर में कुली बेगार प्रथा के अंत की शुरुआत उत्तरायणी से हुई। लिहाजा इस त्योहार का पौराणिक और सामरिक महत्व भी है।

## पेज एक का शेष...

**सीमाओं की रक्षा में..**आप जैसे देश के वीरों के बीच पहुंचता हूं तो मेरा शीश श्रद्धा से झुक जाता है। आपकी वीरता और बलिदान के दृश्य मेरी आंखों के सामने चमकते रहते हैं। आपने हमारे देश की सीमाओं की रक्षा की है और इसकी एकता और अखंडता को बनाए रखा है। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर देहरादून में शौर्य स्थल युद्ध स्मारक पर पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जब भी इस देश को जरूरत पड़ी है, उत्तराखंड के वीरों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ओतप्रोत हमारे सैनिकों ने देश की अखंडता को अक्षुण रखा है। भारत की वीर भूमि ने कई वीर दिए हैं। जिन्होंने ये दिखाया है कि शांति की ये भूमि वक्त आने पर दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब देना जानती है। आज गोली का जवाब गोलों से दिया जा रहा है। मेरा बचपन सैनिकों के बीच बीता है। एक वक्त था जब विषम परिस्थितियों में अपनी सेवा दे रहे सैनिकों को पर्याप्त साजो सामान भी नहीं मिलता था। आज सेना को अच्छा साजो सामान मिल रहा है। सेना में एक उच्च पदेन अफसर का सिपाही के साथ भी बहुत अच्छा और घनिष्ठ संबंध होता है। ये मार्मिक पक्ष हमारी सेना की पहचान है। दिसंबर तक सैन्य धाम का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, टिहरी संसद माला राज्य लक्ष्मीव सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे।

**अवैध शराब के खिलाफ....**लेकर कट्टों की तलाशी ली तो उसमें अवैध कच्ची शराब भरी मिली। बरामद पांच कट्टों में कुल 417 पाउच व ट्यूब में 60 लीटर शराब बरामद की गई। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर दानों फरार शराब तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं उप निरीक्षक मोहन चन्द्र साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल सत्येन्द्र पाल व ललित मोहन के साथ गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर वह शिमला पिस्तौर मार्ग पहुंचे जहां एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना पाम पता लखविन्दर सिंह पुत्र जसवंत सिंह बताया। उसके पास मौजूद कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें 45 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। वही एक अन्य मामले में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान दूधियानगर में वाहन संख्या यूके 08 एटी 2882 के पास कुछ लोग खड़े देखे। पुलिस को देख लोग वहां से भागने लगे। पुलिस टीम ने वाहन में बैठे व्यक्ति को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम पता सुजीते पुत्र चरण दास निवासी वार्ड 7 रम्पुरा हाल निवासी खेड़ा बताया। साथ ही उसने अपने फरार साथी का नाम पता गुरनाम सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी दूधिया नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से बरामद दो कट्टों में कुल 89 पाउच कच्ची शराब के बरामद हुए। इधर पुलिस टीम ने आवास विकास क्षेत्र से दो लोगों को हजारों की नगदी व पांच पेटी अंग्रेजी शराब के साथ पकंड़ लिया। जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर कल्याणी नदी के पास आवास विकास पहुंची। जहां दो व्यक्ति कार संख्या यूके 04 एक्स 9370 में बैठे दिखाई दिये। पुलिस को देखकर जब उन्होंने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ की। उन्होंने अपना नाम पता ग्राम हरसू नगला, बहेड़ी बरेली निवासी अर्जुन सिंह पुत्र फूल सिंह तथा जसदीप सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह बताया। कार की तलाशी लेने पर उसमें पांच पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद हुई। उनका कहना था यह शराब वह सिडकुल ढाल से खरीदकर लाये हैं। तलाशी लेने पर पुलिस ने अर्जुन के पास से 12800 रूपये तथा जसदीप के पास से 29500 रूपये नगद बरामद किये। वहीं एक अन्य मामले में पुलिस ने मोदी मैदान में स्कूटी संख्या यूके 06 बीसी 4802 पर अवैध शराब बेच रहे ग्राम बिंदुखेड़ा निवासी गुरजीत सिंह पुत्र इकबाल सिंह को कट्टे में भरे 172 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित पकड़ लिया। उपरोक्त सभी मामलों में पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर पकड़े गये सभी शराब तस्करों के विरूद्ध मामले दर्ज कर लिये। साथ ही फरार तस्करों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी।

**जोशीमठ भू धंसाव की तस्वीरें...**करने के लिए एक विशेष समूह गठित किया जा चुका है। सभी संस्थानों को निदेशकों को ताकीद किया गया है कि वे विशेष समूह की अंतिम रिपोर्ट आ जाने तक मीडिया फोरम पर कोई सूचना साझा न करें। उधर उत्तराखंड सरकार के मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के आग्रह पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने जोशीमठ भू–धंसाव की सेटेलाइट तस्वीरें हटा दी हैं। रावत ने बताया कि जोशीमठ के धंसने के संबंध में इसरो की तस्वीरें वायरल होने और उससे जुड़े खबरें टीवी चैनलों में प्रसारित होने के बाद जोशीमठ शहर लोगों के बीच पैनिक की स्थिति बन गई थी। ऐसा होने पर उन्होंने इसरो के निदेशक से फोन पर बात की। उनसे अनुरोध किया कि तस्वीरों के संबंध में इसरो या तो अधिकृत बयान जारी करे या फिर ऐसा कुछ नहीं है तो वेबसाइट से तस्वीरें हटा दें। डॉ. रावत के मुताबिक, उनके अनुरोध पर इसरो ने अब वेबसाइट से तस्वीरें हटा दी हैं।

**पत्रकार को घायल..** में अत्यधिक चोट लगने के कारण पत्रकार मौके पर बेहोश हो गए। इस दौरान आरोपी वाहन चालक ने पत्रकार की मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर उन्हें अपने गाड़ी में लाद लिया और रामनगर के राजकीय अस्पताल के मुख्य द्वार पर अचेतावस्था में छोड़कर भाग निकले। रामनगर चिकित्सालय में उपचार के बाद घायल पत्रकार को रामनगर से एंबुलेंस में काशीपुर भेजा गया। मनोज श्रीवास्तव का काशीपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामले की घायल पत्रकार की पत्नी की तहरीर के आधार पर रामनगर कोतवाली पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार की तलाश शुरू कर दी है।

**मकर संक्रांति पर ...**चौबंद बनाने के लिए मेला क्षेत्र को सात जोन व 17 सेक्टरों में बांटा गया है।एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह को मेले का नोडल अधिकारी बनाया गया है। शहर में दिल्ली–हरिद्वार हाईवे पर गन्ने की ट्रैक्टर–ट्राली और ट्रक 14 जनवरी की दोपहर दो बजे तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं।

**स्मैक के साथ...**रहीस की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उपनिरीक्षक पवन जोशी, मुख्य आरक्षी धरमवीर सिह, आरक्षी ललित चौधरी , आरक्षी मेहन्द्र सिह आदि शामिल थे।

**कांग्रेस नेता ...**खां, कलीम अहमद, संजय जुनेजा, हरीश अरोरा, परिमल रॉय, सौरभ चिलाना, राजीव कामरा, सीपी शर्मा, अनिल शर्मा, सलीम अहमद सहित भारी संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचे। स्व. साबिर अहमद को दोपहर सुपुर्दे खाक किया गया। जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

**आग सेकते ....**गलौच की तथा अचानक पीछे से चाकू मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**झपट्टामार ने...**अचानक झपट्टा मारकर उसका कीमती मोबाइल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)




# सिद्धेश्वर श्री बाला जी मंदिर में शोभा यात्रा 17 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिद्धेश्वर श्री बाला जी मंदिर धाम, आदर्श कालोनी के 23 वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के तहत आगामी 17 जनवरी को मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी देते हुए मंदिर के महंत श्री रमेश वशिष्ठ ने बताया कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम 10 जनवरी से प्रारम्भ हो चुका है। 10 जनवरी से 16 जनवपरी तक प्रतिदिन आचार्य ब्रजरज अभिषेक जी वशिष्ठ द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की जा रही है। उन्होंने बताया 18 जनवरी दिन बुद्धवार को रात्रि 7 बजे से विशाल भंडारा एवं रात्रि 8 बजे से श्री बालाजी दरबार का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भजन गायिका सोनी सिस्टर्स, भजन कोकिला, अंजली द्विवेदी आदि गायक कलाकार श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुण गान करेंगे। उन्होंने बताया कि श्री बालाजी महाराज का स्वर्ण चोला श्रृंगारकर छप्पन भोग, पंचमेवा व पंचफल का भोग लगाया जायेगा। उन्होंने सभी भक्तों से सपरिवार सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।






# बेहड़ के कार्यालय में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय में शुक्रवार सांय लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमप्रकाश दुआ ने लोहड़ी के बहुत ही सुंदर सुंदर गीत गाए। एक दूसरे को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी ने प्राचीन चली आ रही संस्कृति के अनुसार आग में तिल डाल डाल कर क्षेत्र की शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान मूंगफली, रेवड़ी और मक्के का प्रसाद बांटा गया। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने कहा कि लोहड़ी नवजात शिशु और नव विवाह की खुशी में पंजाबी समुदाय द्वारा बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर उनके कार्यालय में समस्त समुदाय के लोग इस पर्व को मना रहे हैं जो बहुत ही खुशी और भाईचारे का सन्देश देता है और हमारी कौमी एकता को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड, नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राजेश प्रताप सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष, राज कुमार बजाज ,डॉक्टर बृजकिशोर, गुलशन सिंधी ,ओम प्रकाश दुआ, नितिन फुटेला, सभासद लियाकत अंसारी, मेजर सिंह ,दानिश मलिक, डॉक्टर बृजकिशोर, परमजीत सिंह पम्मी, राकेश खुराना, बंटी पापनेजा,सनी अग्रवाल, अशोक मित्रा, गुरचरण सिंह बब्बू, हसीब आरिफ कुरैशी, रूबल बठला,सोनू ठाकुर, छोटू कोली, अक्षय बाबा,रितेश चावला, केवल हुड़िया,दुर्गेश गुप्ता,सुमित तनेजा,जीवन जोशी,संदीप अरोड़ा डिंपल सिंह, अफजाल शेरी, दीप हंसपाल आदि लोग उपस्थित रहे।



# मक्का उत्पादन के लिए बीज पर दी जायेगी सब्जिडी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने जनपद के प्रगतिशील किसानों के साथ शुक्रवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण के साथ ही भूमि की उर्वरता भी बनी रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि समर पैडी के स्थान पर मक्का, दलहनी फसलों को बढ़ावा देने के साथ ही लेमन ग्रास एवं एरोमेटिक फसलों फसलों पर भी विचार किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि मक्का की नमी मापने में किसी भी प्रकार की मनमानी को रोकने के लिए कम्पनियों में रेफरी के तौर पर कार्मिकों की तैनाती की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मक्का उत्पाद हेतु बीज पर सब्जिडी मुहैया कराने की व्यवस्था की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर सब्जिडी हेतु बजट की अतिरिक्त व्यवस्था की जायेगी। जिलाधिकारी ने आगामी बैठक में कम्पनी हैड्स को बुलाने के निर्देश मुख्य कृषि अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने किसानों से कम्पनियों के साथ एग्रीमेंट कराने हेतु चुनिन्दा समितियों के नाम उपलब्ध कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि मक्का उत्पदकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए मण्डी तथा कृषि विभाग के कार्मिकों को शामिल किया जायेगा। बैठक में केवीके के वैज्ञानिकों ने विभिन्न फसलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, एलडीएम एमएस जंगपांगी, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, सहित किसान ठाकुर जगदीश सिंह, अमरजीत सिंह, सतपाल सिंह, गुरमीत सिंह, अमीर अहमद के अलावा विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।



# धर्मपुरा के सौ परिवारों ने मनाई सांझी लोहड़ी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड स्थित धर्मपुरा कालोनी के 100 परिवारों ने मिलकर सांझी लोहड़ी मनाई। सर्वप्रथम श्रीमती लवी अरोरा ने वाहेगुरु जी की अरदास की। उसके बाद डॉक्टर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, जगदीश सिडाना, हरिमोहन और बुजुर्गों ने लोहड़ी को जलाया। लोहड़ी में कालोनी के 4 परिवारों की पहली लोहड़ी थी। हिमांशु अरोरा काव्या अरोरा, प्रतीक् सिडाना नेहा सिडाना, सुमित शर्मा नितिका शर्मा और नवजात कन्या किस की पहेली लोहड़ी धूमधाम से मनाई। महिलाओं ने गिद्दा भंगड़ा गाकर बुजुर्गों से लोहड़ी मांगी और छोटे बच्चों ने भी भांगड़ा डालकर और अपनी बोलियां बोलकर बुजुर्गों से लोहड़ी ली। मेयर डॉक्टर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला ने भी सभी बच्चों को पंजाबी रीती अनुसार लोहड़ी दी और पंजाबियों के इस भव्य त्यौहार को मनाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समिति अध्यक्ष हरिमोहन अरोड़ा ने बताया कि यह सांझी लोहड़ी 14 वर्षों से लगातार जो पहले हर घर में अलग-अलग बनती थी उनको एक जगह पर सारे परिवारों को इकट्ठा कर सांझी लोहड़ी मनाई जाती है। जिसमें हर घर से परिवार लकड़ी और प्रसाद लाकर बड़े जोश उल्लास के साथ इसको मनाते हैं। महिलाओं द्वारा सुंदरी मुंद्री हुए तेरा कौन विचारा हुए गाते हुए लोहड़ी मांगी गई। समिति ने सभी नव दंपतियों और नवजात शिशु को पहली लोहड़ी में सुंदर उपहार भी दिए एवं बिटिया सांची लांबा का जन्मदिन भी मनाया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, समिति संरक्षक जगदीश लाल सिडाना, कार्यक्रम संयोजक मोनू बत्रा, नीलू हजारा, बलदेव संधु, मंगू बत्रा, सनी शेट्टी, हिमांशु मिश्रा, अमन गुलाटी, रिशु नंदा, नीलिमा सिडाना, राखी हजारा, गुंजन, भूपेश, रिपी, हरि ओम बत्रा, नवीन, विशु शर्मा, सोमिल इत्यादि लोग उपस्थित थे।



# अनाज मंडी में धूमधाम से मनायी लोहड़ी

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के अनाज मंडी में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश घीक द्वारा लोहडी को अग्नि प्रज्वलित कर क्षेत्र के किसानों व आढ़तियों को लोहड़ी पर्व की बधाई दी ।अग्नि प्रज्वलित से पूर्व श्री सनातन मंदिर के पुजारी प0 विजय शास्त्री द्वारा विधिवत पूजन कर लोहड़ी को जलवाया गया। ततपश्चात मुख्य रूप से विनोद ,अशोक हुड़िया,राजकुमार भुड्डी,सुशील घीक, सतीश मंगा,बन्टी पोपली,सतीश भुड्डी, गुलशन छाबड़ा, राजेश बजाज ,दीपक बेहड़,टीकम खेड़ा,सुभाष खुराना,वेद बजाज,अशोक धीर,अजय खेड़ा, अनिल गगनेजा सहित तमाम आढ़तियों ने क्षेत्रभर के लोगो को लोहड़ी पर्व की बधाई दी।



# पेपर लीक पर कांग्रेस ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होने से सरकार पर विपक्ष हमलावर हो गया है,पूर्व में हाकम गैंग द्वारा विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक से प्रदेश में सनसनी फैला दी थी, वही विपक्ष सरकार पर हमलावर होकर असली चेहरों को बचाने का आरोप लगा रही है, वही मामले की सीबीआई जांच कराने को लेकर सरकार पर दबाव भी बनाया जा रहा है।वही पूर्व में परीक्षाओं में धांधली के बाद एक बार फिर पेपर लीक का जिन्न बाहर आ गया है, वही लोग अब सरकार को सोशल मीडिया पर ट्रोल भी कर रहे है, वही अब परीक्षा लीक ना हो लीकेज जलसंस्थान ठीक करने को लेकर जलसंस्थान से पेपर करवाने का मुहावरा लिख रहे हैं।वही पटवारी भर्ती प्रक्रिया का पेपर लीक होने पर युवक कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को बढावा दे रही है तथा युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई जांच की मांग की। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित पटवारी लेखपाल की परीक्षा संपन्न होने के बाद पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद युवक कांग्रेस ने आक्रोष व्यक्त किया तथा एसबीआई तिराहे पर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जारी संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई जांच कराने की मांग की। साथ ही शंका व्यक्त की कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया में भी धांधली की आशंका व्यक्त की है।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, भीम कुमार, संजय चन्याल, प्रकाश बाछमी, देवेंद्र मेहरा, दयाल मेहरा, उमेश दानू, दिनेश मेहता, संस्कार भारती, सुनील कुमार, गणेश कुमार आदि उपस्थित थे।



# लाखों की स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पुलिस ने 74.67 ग्राम स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी यूपी के रामपुर जिले के बिलासपुर का जबकि दूसरा आरोपी स्थानीय है। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि दोनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार लंबे समय में बाहर से जिले में स्मैक पहुंचने की सूचना मिली थी। बृहस्पतिवार को एसओजी और एएनटीएफ की टीम ने बेस तिराहे के पास चेकिंग के दौरान बिलासपुर यूपी निवासी राजेश कश्यप (40) के पास से 54.35 ग्राम स्मैक बरामद की। उसके पास इलेक्ट्रानिक तराजू भी मिला। दूसरी टीम ने कर्बला के पास चेकिंग के दौरान एनटीडी अल्मोड़ा निवासी लोकेश मेहता (28) के पास से 20.32 ग्राम स्मैक बरामद की। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि एनटीडी अल्मोड़ा निवासी लोकेश एक साल पूर्व भी नशे के सामान की तस्करी में गिरफ्तार हो चुका है। इसके बाद भी उसने तस्करी नहीं छोड़ी। वहीं बिलासपुर का आरोपी राजेश स्मैक की बढ़ी खेप अल्मोड़ा पहुंचाकर इसे युवाओं को बेचने की फिराक में था। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने कहा जिले में स्मैक तस्करी तेजी से बढ़ रही है। बाहरी क्षेत्रों से लोग स्मैक की बढ़ी खेप यहां पहुंचा रहे हैं। अल्मोड़ा पहुंचने के बाद ये तस्कर युवाओं को मोटा मुनाफा लेकर स्मैक उपलब्ध करा रहे हैं। बताया एक ग्राम की पुड़िया बनाकर तस्कर युवाओं को 1200 से 1500 रुपये में बेचकर उन्हें नशे का लती बना रहे हैं, जिनके खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली दोनों टीमों को एसएसपी ने 15000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

